दिल्ली
अधिकतम तापमान 34 डिग्री
न्यूनतम तापमान 24 डिग्री
एनसीआर
अधिकतम तापमान 33 डिग्री
न्यूनतम तापमान 24 डिग्री

बुधवार 04 जून 2025
सूर्योदय प्रातः 05:23 बजे
सूर्यास्त सांय 19:17 बजे


# एनसीआर टुडे

करंट न्यूज करंट व्यूज




पृष्ठ 4 प्रकृति प्रदत्त जीवनदायी, विकास के विनाशकारी प्रभाव

उत्तर प्रदेश और दिल्ली से एक साथ प्रकाशित | वर्षः 16 | अंकः 229 | गाजियाबाद, बुधवार 04 जून 2025 | मूल्य : ₹ 2 | पेज : 06 | विक्रमी संवत् 2081 | युगाब्द 5126 | शाक 1946

केनरा बैंक Canara Bank
SCAN & PAY
UPI ID: 300012627000246@cnrb
BHIM UPI
Canara ai1 | CBDC | Paytm
Cred | PhonePe | Google Pay
DIGITAL RUPEE ACCEPTED HERE

NCR MASALA
India's Premium Masala
9410855900
ncrmasala@gmail.com
get online www.ncrmasala.com
गर्म मसाला, हल्दी, मिर्च, धनिया, जीरा
व अन्य रसोई मसाले

## जम्मू कश्मीर में तीन सरकारी कर्मचारी बर्खास्त

✷ वेबवार्ता. श्रीनगर ✷। 'देश की सुरक्षा को खतरा' बताते हुए जम्मू कश्मीर सरकार ने तीन सरकारी अधिकारियों को बर्खाशत कर दिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को यह आदेश जारी किया। केंद्र शासित प्रदेश में सुरक्षा के लिए खतरा उत्पन्न करने वाले अब तक कुल 80 सरकारी कर्मचारियों को बर्खाशत किया जा चुके हैं। आज बर्खाशत किए गए कर्मचारियों में पुलिस कांस्टेबल मलिक इश्फाक नसीर, स्कूल शिक्षा विभाग में शिक्षक एजाज अहमद और श्रीनगर के सरकारी मेडिकल कालेज में कार्यरत कनिष्ठ सहायक वसीम अहमद खान शामिल हैं। तीनों फिलहाल जेल में है। इन लोगो की बर्खाशतगी संविधान के अनुच्छेद 311(2)(सी) के तहत की गयी है जो सरकार को स्पष्टीकरण मांगे बिना या किसी व्यक्ति के आचरण की जांच किए बिना ही सरकारी कर्मचारियों को बर्खाशत करने का अधिकार देता है।

## मोदी के 6 को संभावित जम्मू दौरे के मद्देनजर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

✷ वेबवार्ता. जम्मू ✷। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगामी छह जून को संभावित जम्मू दौरे और बहुप्रतीक्षित कटरा-श्रीनगर रेल लिंक के उद्घाटन किये जाने की संभावना के मद्देनजर जम्मू-कश्मीर में, विशेष रूप से रेलवे लाइनों, रेलवे स्टेशनों और प्लेटफार्मों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। इससे पहले गत 19 अप्रैल को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा इस रेल लिंक को उद्घाटन खराब मौसम के पूर्वानुमान के कारण स्थगित कर दिया गया था। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक वीवीआईपी दौरे के बारे में अभी कुछ भी स्पष्ट रूप से जारी नहीं किया गया है, लेकिन शीर्ष अधिकारियों के निर्देश पर सुरक्षा को और बढ़ा दिया गया है और उम्मीद है कि इस सप्ताहांत तक कटरा-श्रीनगर रेल लिंक का उद्घाटन हो जाएगा।

## भारत ध्रुवीय अनुसंधान पोत बनाएगा नॉर्वे के साथ समझौता

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। भारत पहली बार नार्वे के सहयोग से अपना पहला पहला ध्रुवीय अनुसंधान पोत (पीआरवी) बनाने जा रहा है तथा नार्वे की कंपनियों को भारत के पोतनिर्माण और पुराने पोतों को तोड़ने के कारोबार में निवेश बढ़ाने का निमंत्रण दिया है। नार्वे की यात्रा पर गए बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल की उपस्थिति में भारत के स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) ने नार्वे के कोंग्सबर्ग समूह के साथ सहयोग के करार पर हश्ताक्षर किए गए। जीआरएसई का मुख्यालय कोलकाता में है तथा ओस्लो स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध कोंग्सबर्ग रक्षा, ऊर्जा, समुद्री, मत्स्य पालन और एयरोस्पेस उद्योगों को प्रौद्योगिकी समाधान प्रश्तुत करने का कारोबार करती है।

## सुप्रीम कोर्ट में बकरीद की छह जून को हो सकती है छुट्टी

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। उच्चतम न्यायालय में पूर्व-निर्धारित सात जून (शनिवार) की बजाय छह जून (शुक्रवार) को ईद-उल-जुहा (बकरीद) का अवकाश हो सकता है। शीर्ष अदालत ने एक परिपत्र जारी कर कहा है कि अवकाश की छुट्टी की तारीख में बदलाव चंद्रमा की दृश्यता के आधार पर भारत सरकार द्वारा इस संबंध में टी.वी. आदि पर राजपत्रित अवकाश घोषित किए जाने पर निर्भर करेगा।

## जहाँ झुग्गी, वहाँ मकान भी जुमला साबित हुआ : आप

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से 'जहाँ झुग्गी, वहाँ मकान' का वादा किया गया था वह भी जुमला साबित हुआ। आप के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने एक्स कर मंगलवार को कहा, "जहाँ झुग्गी, वहाँ मकान दिल्ली में भाजपा द्वारा दी गई यह चुनावी गारंटी भी एक जुमला साबित हुई।

### योगी कैबिनेट ने लिया फैंसला, उत्तर प्रदेश में अग्निवीरों को मिलेगा

# पुलिस और पीएसी भर्ती में 20 फीसदी आरक्षण

✷ एनसीआर टुडे. लखनऊ ✷



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में अग्निवीरों को लेकर बड़ा फैसला लिया गया है। कैबिनेट बैठक में फैसला लिया गया कि अब यूपी पुलिस और पीएसी में भर्ती के दौरान अग्निवीरों को 20 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। साथ ही इन्हें आयु सीमा में भी विशेष छूट दी जाएगी।

योगी कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी, पीएसी, आरक्षी घुडसवार और फायरमैन की सीधी भर्ती में पूर्व अग्निवीरों को (4 साल की सेवा के पश्चात) 20 प्रतिशत पदों को आरक्षित रखते हुए क्षैतिज आरक्षण प्रदान किए जाने के प्रश्ताव को स्वीकृति दी गई। भूतपूर्व सैनिक की तरह अग्निवीर के रूप में की गई सेवा अवधि को घटाते हुए अधिकतम आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी।

वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि भारत सरकार द्वारा अग्निपथ योजना शुरू की गई है, जो देशभक्त और प्रेरित युवाओं को सशस्त्र बलों (भारतीय सेना, भारतीय नौसेना और भारतीय वायु सेना) में सेवा करने का अवसर देती है। इसके तहत अग्निवीरों का पहला बैच 2026 में सेवा से बाहर आएगा। उत्तर प्रदेश के पूर्व अग्निवीरों को प्रदेश सरकार के इस निर्णय का लाभ मिलेगा। इसके अलावा योगी कैबिनेट ने 'उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2017' के तहत मेगा श्रेणी के औद्योगिक उपक्रमों के द्वारा 5 इकाईयों को प्रोत्साहन धनराशि दिए जाने का निर्णय लिया गया। इसके तहत, एसएलएमजी बेवरेज प्रा. लि., बाराबंकी को अनुमानित वितीय प्रोत्साहन / सुविधाओं की प्रथम किश्त के रूप में 38,73,01,888 रुपए, सिल्वरटन पल्प एंड पेपर्स प्रा. लि. मुजफ्फरनगर को 1,88,99,905 रुपए, एसीसी लि., अमेठी को 17,28,07,828 वंडर सीमेन्ट लि. अलीगढ़ को 38,32,30,659 और मून वेबरेजेज हापुड़ को अनुमानित वित्तीय प्रोत्साहन / सुविधाओं की प्रथम किश्त की धनराशि 8,68,31,672 रुपए की वित्तीय स्वीकृति दी गई। योगी कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश बेड एंड ब्रेकफास्ट (बीएंडबी) एवं होमस्टे नीति-2025 को भी मंजूरी दे दी है। इस नई नीति का उद्देश्य राज्य के धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को ठहरने की बेहतर और सुलभ सुविधा प्रदान करना है। पर्यटन विभाग के प्रश्ताव के अनुसार, अक्सर देखने में आता है कि प्रमुख धार्मिक या पर्यटन स्थलों पर होटल फुल हो जाते हैं, जिससे पर्यटकों को रुकने में परेशानी होती है। इसी समस्या के समाधान के लिए यह नीति तैयार की गई है। लोकभवन के सभागार में आयोजित कैबिनेट बैठक में कुल 11 प्रश्ताव अनुमोदन के लिए रखे गए, जिसमें कैबिनेट ने 10 प्रश्तावों को स्वीकृति प्रदान की। बीएंडबी एवं होमस्टे नीति-2025 के अनुसार धार्मिक और पर्यटन स्थलों में कोई भी व्यक्ति अपने 1 से 6 कमरों तक की इकाई को होमस्टे के रूप में रजिस्टर करा सकता है। इसके तहत, अधिकतम 12 बेड की अनुमति होगी। कोई भी पर्यटक लगातार 7 दिन तक इस सुविधा का लाभ उठाते हुए यहां ठहर सकता है। इससे अधिक ठहरने की स्थिति में रिन्यूअल की भी व्यवस्था होगी

## इंडिया समूह ने दोहराई विशेष सत्र बुलाने की मांग, मोदी को फिर लिखा पत्र

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

विपक्षी दलों के इंडिया समूह ने पहलगाम हमला, आपरेशन सिंदूर,



सैन्य कार्रवाई तथा आतंकवाद को खत्म कर पाकिस्तान को अलग-थलग करने में देश कितना सफल रहा इन सब मुद्दों पर व्यापक चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की मंगलवार को मांग करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा है जिसमें 16 दलों के नेताओं ने हश्ताक्षर किये हैं।

इंडिया समूह के नेताओं ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद की स्थिति और सांसदों के सात प्रतिनिधि मंडलों को दुनिया के विभिन्न देशों की राजधानियों में भेजकर आतंकवाद पर हम अपना पक्ष रखने में कितना सफल रहे इसकी जानकारी देश चाहता है। विपक्षी दलों ने कहा कि सांसदों का प्रतिनिधि मंडल लौट रहा है और इसमें दुनिया को समझाने में हम कितना सफल रहे इस बारे में सारी जानकारी संसद में दी जानी चाहिए।

उन्होंने इस बात पर आश्चर्य जताया कि पूरी दुनिया को बताने के लिए सांसदों का प्रतिनिधि मंडल विदेशों में भेजा जाता है लेकिन अपनी संसद और उसके माध्यम से देश की जनता को कुछ नहीं बताया जाता है।

संसद सत्र को आवश्यक बताते हुए उन्होंने कहा कि विशेष सत्र बुलाकर सांसदों और देश को पूरे घटनाक्रम की जानकारी देना जरूरी है।

## आगरा : यमुना नदी में डूबी 6 लड़कियां, मृतका के पिता का दावा- तीन की मौत



✷ एनसीआर टुडे. आगरा ✷

उत्तर प्रदेश के आगरा में एक बड़ा हादसा सामने आया है, जहां यमुना नदी में नहाते समय छह लड़कियां डूब गईं। पता चला है कि नदी में डूबने वाली सभी लड़कियां नाबालिग हैं।

मामला आगरा के थाना सिकंदरा क्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि लड़कियां नदी में नहाने गई थीं और इसी दौरान उनमें से छह लड़कियां डूब गईं। घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया।


आसपास मौजूद अन्य लोगों ने लड़कियों के डूबने की जानकारी पुलिस और परिवार को दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने लड़कियों के शवों को नदी से बरामद किया।

मृतका के पिता सुंदर ने बताया कि परिवार की सभी लड़कियां यमुना नदी में नहाने गई थीं, जिनमें छह लड़कियां डूब गईं। मृतका में एक मेरी बेटी है, इसके अलावा कुछ अन्य लड़कियां भी हैं। अब तक तीन की मौत हुई है और तीन का अस्पताल में इलाज चल रहा है। नदी में डूबने वाली सभी लड़कियां नाबालिग हैं।

फिलहाल इस हादसे के बाद मौके पर आला अधिकारी भी पहुंच गए हैं। हालांकि, अब तक प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है। साथ ही मरने वाली लड़कियों की संख्या का भी खुलासा नहीं किया गया है। इस घटना के बाद मृतकों के परिवार में मातम पसर गया है और आसपास के लोग उनके घरों पर पहुंच रहे हैं।

इससे पहले, 13 मई को उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले के अरवल थाना क्षेत्र में रामगंगा नदी में भी एक बड़ा हादसा हुआ था। नदी पार फसल देखने गए एक ही परिवार के सात लोग नदी की तेज धारा में अचानक बह गए थे। तब स्थानीय लोगों की मदद से चार लोगों को बचा लिया गया था।

## हाशिए पर पड़े कमजोर वर्ग विकसित राष्ट्र की परिवर्तन यात्रा में पीछे न रह जाएं, मुर्मु ने किया आह्वान



✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश के नवनियुक्त प्रशासनिक अधिकारियों का मंगलवार को आह्वान किया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए यह सुनिश्चित करें कि हाशिए पर पड़े कमजोर वर्ग एक विकसित राष्ट्र की परिवर्तन की यात्रा में पीछे न रह जाएं। विभिन्न राज्य सिविल सेवाओं से शामिल किए गए और लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी (एलबीएसएनएए) में 127वें प्रेरण प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों ने आज यहां राष्ट्रपति भवन में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।

राष्ट्रपति ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सिविल सेवाओं के अधिकारियों के रूप में उनके प्रयास राज्य-विशिष्ट प्राथमिकताओं पर आधारित होने चाहिए। उन्हें जमीनी श्तर पर लोगों की भलाई और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए और सीधे स्थानीय समुदायों को प्रभावित करने वाले मुद्दों को निपटाना चाहिए।

आगे भी वे इन मुद्दों के लिए जिम्मेदार होंगे लेकिन उनकी भूमिका और जिम्मेदारियां दायरे और जटिलता में और बढ़ेंगी। वे अब केवल एक क्षेत्र के प्रशासक नहीं हैं-उन्हें राष्ट्रीय श्तर पर शासन के मानकों का पालन करना पड़ता है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि उनके काम को विकसित भारत के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप होना चाहिए। राष्ट्रपति ने अधिकारियों से कहा कि समावेशी विकास में उनका योगदान महत्वपूर्ण हो सकता है।

उनके प्रयासों को विशेष रूप से यह सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए कि हाशिए पर पड़े और कमजोर वर्ग एक विकसित राष्ट्र में राष्ट्र के परिवर्तन की यात्रा में पीछे न रहें। उन्होंने कहा कि जब गरीब और वंचित लोग विकास और समृद्धि का अनुभव करेंगे तभी हम एक विकसित राष्ट्र के लक्ष्य को साकार करने के करीब पहुंचेंगे।

राष्ट्रपति ने कहा कि प्रौद्योगिकी और नवाचार अपने कार्य करते समय निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। सेवा वितरण में सुधार से लेकर डेटा-संचालित निर्णय लेने को सक्षम करने तक, डिजिटल उपकरण कुशल, पारदर्शी और नागरिक-अनुकूल शासन प्रणालियों के निर्माण में मदद कर सकते हैं।

उन्होंने अधिकारियों को एआई, ई-गवर्नेंस और डिजिटल फीडबैक तंत्र में नवाचारों को अपनाने की सलाह दी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सरकारी योजनाएं अंतिम छोर तक पहुंच सकें।

## पीठासीन अधिकारियों को मतदान खत्म होते ही डाटा अपडेट करना होगा

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

चुनाव आयोग मतदान के आंकड़े अद्यतन करने की एक नयी व्यवस्था करने जा रहा है जिसमें प्रत्येक मतदान केंद्र का पीठासीन अधिकारी (पीआरओ) को मतदान बंद होने के बाद तुरंत, मतदान केंद्र छोड़ने से पहले मतदान के आंकड़े आयोग के एकीकृत डिजिटल ऐप 'ईसीआईएनईटी' में दर्ज करना होगा, ताकि क्षेत्र-वार मतदान प्रतिशत की सूचना में विलम्ब कम से कम हो। यह व्यवस्था बिहार विधान सभा चुनाव के साथ शुरू की जायेगी।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेद्र कुमार के नेतृत्व में आयोग द्वारा चुनाव प्रक्रिया को अधिक चाक-चौबंद, मतदाताओं और हितधारकों के अनुकूल बनाने के लिए निरंतर की जा रही पहलों के बीच आयोग का यह निर्णय आखिरी दो घंटों के मतदान प्रतिशत को जारी होने में विलम्ब को लेकर पार्टियों और प्रत्याशियों द्वारा प्रायः उठाये जाने वाले सवालों के मद्देनजर एक महत्वपूर्ण फैसला है।

आयोग के एक अधिकारी ने कहा, " अभी तक पीठासीन अधिकारी अपने-अपने मतदान केंद्र पर हुए मतदान का पूरा विवरण निर्धारित प्रारूप में प्रत्याशियों के एजेंटों को बाकायदा उपलब्ध कराने के बाद इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) जमा कराने की जगह पर मशीन जमा करने के बाद अंतिम आंकड़े अपडेट करते हैं।

अब उन्हें मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद, मतदान केंद्र छोड़ने से पहले डाटा ईसीआईएनईटी ऐप पर अपडेट करना होगा। आयोग ने एक विज्ञप्ति में कहा कि यह नयी प्रक्रिया बिहार विधान सभा चुनाव के साथ लागू होगी। बिहार में अक्टूबर में चुनाव कराये जाने हैं।

## जी-7 सम्मेलन में शामिल नहीं होना हमारी कूटनीतिक विफलता : कांग्रेस



✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

कांग्रेस ने कहा है कि जी-7 यानी समूह सात के देशों के शिखर सम्मेलन में भारत को आमंत्रित किया जाता रहा है लेकिन पिछले छह साल में यह पहला मौका है जब भारत इस सम्मेलन में हिस्सा लेने नहीं जा रहा है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने मंगलवार को यहां एक बयान में कहा कि अमेरिका और फ्रांस के राष्ट्रपतियों, ब्रिटेन, जापान, इटली और कनाडा के प्रधानमंत्रियों तथा जर्मनी के चांसलर का जी-7 शिखर सम्मेलन 15 जून से कनाडा में अल्बर्टा के कनानास्किस में हो रहा है।

इस शिखर सम्मेलन में ब्राजील, मैक्सिको, दक्षिण अफ्रीका और यूक्रेन के राष्ट्रपतियों और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री को भी आमंत्रित किया गया है।

उन्होंने कहा कि 2014 से पहले जी-7 वाश्तव में कई वर्षों तक जी-8 ही रहा है क्योंकि इस समूह में तब रूस भी शामिल था। डॉ. मनमोहन सिंह को जी-8 शिखर सम्मेलनों के लिए आमंत्रित किया जाता था और इस सम्मेलन में उनकी आवाज़ सुनी जाती थी। जून 2007 में जर्मनी में ऐसे ही एक शिखर सम्मेलन हुआ जिसमें जलवायु परिवर्तन पर वार्ता के लिए प्रसिद्ध सिंह-मर्केल फॉर्मूले का अनावरण किया गया था।

कांग्रेस नेता ने कहा कि सम्मेलन में भारतीय प्रधानमंत्रियों को आमंत्रित करने की परंपरा थी और यह परंपरा 2014 के बाद भी जारी रही लेकिन हाल के छह वर्षों में पहली बार, कनाडा में हो रहे शिखर सम्मेलन में भारत उपस्थित नहीं हो रहा है।

इसके पीछे की कुछ भी कह लीजिए लेकिन सच यह है कि यह इस साल हमारी एक और बड़ी कूटनीतिक विफलता है।

हमारी सरकार ने पहले अमेरिका को भारत-पाकिश्तान के बीच मध्यस्थता करने की बात करने का मौका देकर दशकों पुरानी हमारी विदेश नीति को बदलने का काम हुआ है और इसी का परिणाम है कि अमेरिकी अधिकारियों को यह कहने की छूट मिल गई कि वे खुलेआम किसी 'तटस्थ स्थल' पर बातचीत जारी रखने की अपील करें।

## भारत ने पाक के 9 से अधिक ठिकानों को पहुंचाया नुकसान, डोजियर में कबूलनामा

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए पाकिश्तान और पीओके में 9 आतंकियों के ठिकाने को ध्वश्त किया था। इसी बीच पाकिश्तान डोजियर ने भारत के हमले में हुए नुकसान को लेकर बड़ा कबूलनामा किया है।

पाकिश्तान के ऑपरेशन 'बुनयान उन मार्सोस' पर आधिकारिक डोजियर में बताया गया है कि भारत ने कम से कम आठ अतिरिक्त ठिकानों पर हवाई हमला किया है। जिनका खुलासा भारत की तरफ से पहले नहीं किया गया था।

पाकिश्तानी डोजियर के सैटेलाइट इमेज में पेशावर, झंग, सिंध में हैदराबाद, पंजाब में गुजरात, गुजरांवाला, बहावलनगर, अटक और छोर जैसे प्रमुख शहर है, जिसमें तबाही का जिक्र किया गया है। आपको बता दें कि भारतीय वायु सेना या सैन्य संचालन महानिदेशक ने अपनी प्रेस ब्रीफिंग में पाकिश्तान और पीओके में 9 आतंकी ठिकानों को ध्वश्त करने की सार्वजनिक रूप से जानकारी दी थी।

यह डोजियर 'ऑपरेशन सिंदूर' के द्वारा पाकिश्तान को हुए नुकसान को लेकर बड़ी जानकारी देता है और इसे पाकिश्तान की ओर से सीजफायर के लिए तत्काल आह्वान के पीछे एक महत्वपूर्ण कारक के रूप में देखा जा रहा है। 22 अप्रैल को पहलगाम में आंतकियों ने 26 पर्यटकों को गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिसके बाद भारतीय सेना ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिश्तान और पीओके में 9 आतंकी ठिकानों को ध्वश्त किया था।

## चौकी में हुई शांति समिति की बैठक नगर की शांति को पलीता लगाने वालों से सख्ती से निबटेगी पुलिस

✷ **एनसीआर टुडे. झालू** ✷ । हल्दौर थाना S S I विजेंद्र सिंह राठी इंचार्ज की अध्यक्षता में चौकी के प्रांगण में ईद को लेकर शांति समिति की बैठक शाम 6:00 बजे से हुई। नगर के गणमान्य व्यक्तियों के साथ धर्मगुरु मौलाना भी मीटिंग में उपस्थित रहे। बैठक का संचालन चौकी इंचार्ज सुभाष राणा ने किया। नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी ने सभी को ईद की शुभकामनाएं दी।साथ ही सभी से आग्रह भी किया कि कुर्बानी के बाद बचे हुए अवशेष बाहर सड़क पर ना डालें। नगर पंचायत के वहां पहुंचने का इंतजार करें। उन्होंने कहा की कुर्बानी का समय सभी का एक होता है। मगर नगर पंचायत का वहां पहुंचने में कुछ देरी हो सकती है। सुभाष राणा ने कहा कि कोई भी व्यक्ति किसी की भावनाओं को ठेस ना पहुंचाएं। कुर्बानी पर्दा में ही करें प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी ना करें। एक दूसरे का ख्याल रखें अवशेष सड़क पर ना डालें अगर कोई कानून के खिलाफ कार्य करेगा तो पुलिस प्रशासन उससे सख्ती के साथ निबटेगा।सुभाष राणा ने शान्ति समिति की बैठक में नगर की शान्ति को पलीता लगाने की किसी भी कोशिश का मुंहतोड़ जवाब दिए जाने की सख्त चेतावनी दी।

## वन निगम में चल रहे भ्रष्टाचार को लेकर भाकियू सरपंच ने खोला मोर्चा

✷ **एनसीआर टुडे. बिजनौर** ✷। भारतीय किसान यूनियन सरपंच के युवा जिला अध्यक्ष ठाकुर अरुण कुमार के नेतृत्व में आज एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी बिजनौर को एक ज्ञापन सौंपकर वन निगम में चल रहे भ्रष्टाचार और फर्जी मार्कशीट के आधार पर प्रमोशन व नौकरी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि ग्राम पंचायत मिर्जापुर उर्फ प्रीतमगढ़ की आबादी के बीच भारी गंदगी फैली हुई है।, जिससे स्थानीय लोगों को गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। संगठन ने प्रीतमगढ़ को एनएच-34 से जोड़ने की भी मांग रखी। जिससे आवागमन सुगम हो सके और विकास कार्यों को गति मिल सके। इस मौके पर राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष चौधरी विशाल बालियान, राष्ट्रीय कार्यालय प्रभारी कपिल देशवाल, युवा प्रदेश अध्यक्ष लवी चौधरी, नगीना युवा तहसील अध्यक्ष अमित देशवाल, जिला कोषाध्यक्ष परम देशवाल, नजीबाबाद युवा तहसील अध्यक्ष मलखान धीमान, चांदपुर ब्लॉक अध्यक्ष मनीष अग्रवाल सहित अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि प्रशासन ने जल्द कोई कार्रवाई नहीं की, तो यूनियन जनआंदोलन के लिए बाध्य होगी।

## वसीम अंसारी को बनाया गया किसान यूनियन का नगर अध्यक्ष

✷ **एनसीआर टुडे. धामपुर** ✷। अन्नदाता किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक आलमगीर उस्मानी की संतुति पर जिला अध्यक्ष युवा अनस अंसारी ने वसीम अंसारी को धामपुर जिला बिजनौर का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया। आशा व्यक्ति की ही वसीम अंसारी किसानों की समस्या को उठाएंगे और उनकी मदद करेंगे वसीम अंसारी ने किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष आलमगीर उस्मानी का बहुत-बहुत शुक्रिया अदा किया और कहा कि उन्होंने मुझे इस काबिल समझा के मुझे किसान यूनियन अन्नदाता का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया किसान यूनियन के नगर अध्यक्ष मोहम्मद वसीम अंसारी ने सभी किसान यूनियन अन्नदाता के सभी कार्यकर्ताओं का शुक्रिया अदा किया और भरोसा दिलाया के उन्होंने जिसपद पर मनोनीत किया है मैं अपनी जान माल लगाकर किसान यूनियन अन्नदाता के कार्यकर्ताओं का सम्मान करुंगा इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अन्नदाता किसान यूनियन आलमगीर उस्मानी आफताब मलिक नईम मंसूरी हरेराम सिंह सरदार गुरपेश प्रभारी शीशराम सिंह मोहम्मद आमिर सलीम मेडिकल वाले हरि सिंह आदि उपस्थित रहे

## स्वास्थ्य संरक्षण केंद्र का शुभारंभ

✷ **एनसीआर टुडे. ग्रेटर नोएडा** ✷। सेक्टर-12 में स्थित सूर्या संस्थान परिसर में पीएचडी फैमिली वेलफेयर फाउंडेशन के सहयोग से स्थापित हुए स्वास्थ्य संरक्षण केन्द्र का शुभारंभ सांसद और पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री डॉ. महेश शर्मा ने किया। यहां पर अल्प आय वर्ग के नागरिकों को फिजिशियन, दंत चिकित्सा, नेत्र चिकित्सा एवं अस्थि चिकित्सा का निशुल्क उपचार मिलेगा। इसमें सूर्या संस्थान का भी सहयोग रहेगा। सांसद ने इसके लिए संस्था को बधाई दी। इस केन्द्र के खुलने से लोगों को इसका खासा लाभ मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान फाउंडेशन की अध्यक्ष अनुराधा गौतम, सूर्या संस्थान संस्था के अध्यक्ष पद्मश्री शीला झुनझुनवाला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, डा. दया प्रकाष सिन्हा, उपाध्यक्ष, डॉ. रामशरण गौड़, मंत्री देवेन्द्र मितल, कोषाध्यक्ष गोपाल कृष्ण अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# टॉयलेट खुद साफ करें गुरुकुल स्कूलों के छात्र, आईएएस अधिकारी के निर्देश पर बवाल

**हैदराबाद, एजेंसी।**
तेलंगाना में एससी गुरुकुल स्कूलों के छात्रों के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने इस मुद्दे पर संज्ञान लेते हुए राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी किया है। आयोग ने आईएएस अधिकारी डॉ. वी एस आलागु वर्षिणी के खिलाफ की गई शिकायत पर 15 दिनों के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है।

तेलंगाना सोशल वेलफेयर रेसिडेंशियल एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन्स सोसायटी की सचिव डॉ. आलागु वर्षिणी एक ऑडियो क्लिप को लेकर विवादों में घिर गई हैं। इस वायरल क्लिप में उन्होंने निर्देश दिया कि गुरुकुल स्कूलों के छात्रों से शौचालय और हॉस्टल के कमरे साफ करवाए जाएं। यह घटना करीब एक सप्ताह पुरानी बताई जा रही है।

ऑडियो में वह कहती हैं, उन्हें (छात्रों को) कमरे की सफाई करनी चाहिए ... वे अपने शौचालयों की सफाई क्यों नहीं कर सकते ... ये छात्र



पॉश परिवारों से नहीं हैं, जहां जैसे ही वे जाते हैं और बैठते हैं, भोजन मेज पर आ जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि छात्रों को आत्मनिर्भर बनाना जरूरी है, क्योंकि स्कूल छोड़ने के बाद उन्हें अपने दैनिक कार्य स्वयं करने होंगे।

इस बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के नेता और टीजीएसडब्ल्यूआरईआईएस के पूर्व सचिव डॉ. आर. एस. प्रवीन कुमार ने मुख्यमंत्री से पूछा, क्या आपके बच्चे भी उस स्कूल में बाथरूम धोते हैं जहां वे पढ़ते हैं? उन्होंने आरोप लगाया कि यह आदेश दलित छात्रों के प्रति भेदभावपूर्ण है और उन्होंने अधिकारी को बर्खास्त करने की मांग की।

बीआरएस की एमएलसी और पूर्व सांसद कलवकुंतला कविता ने एक्स पर ऑडियो क्लिप शेयर करते हुए कांग्रेस सरकार पर हमला बोला। उन्होंने लिखा, कांग्रेस सरकार का गरीब विरोधी रवैया इस अधिकारी के व्यवहार में साफ दिखता है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीआरएस शासन के दौरान प्रत्येक स्कूल को सफाई कर्मचारियों की अस्थायी नियुक्ति के लिए 40,000 रुपये प्रति माह दिए जाते थे, जिसे कांग्रेस सरकार ने मई से बंद कर दिया है। कविता ने यह भी कहा कि राज्य की 240 गुरुकुल स्कूलों से सहायक वार्डन हटा दिए गए हैं, जिससे छात्रों को ही रसोई और साफ-सफाई का जिम्मा उठाना पड़ रहा है। उन्होंने इसे बच्चों के अधिकारों और सम्मान के खिलाफ बताया और कहा कि यह रवैया जातिगत भेदभाव और शोषण को बढ़ावा देता है।

विवाद बढ़ने के बाद एक अन्य ऑडियो में आईएएस अधिकारी वर्षिणी ने मीडिया से अपील की कि उनके बयान को राजनीतिक रंग न दिया जाए और संदर्भ से बाहर न निकाला जाए। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मियों की कमी का आरोप निराधार है। वर्षिणी ने कहा, घर में माता-पिता की मदद करना बच्चों की सामान्य दिनचर्या का हिस्सा है, इससे उनमें आत्मनिर्भरता आती है। उन्होंने आगे कहा, अगर आप विदेश जाएं या किसी अन्य राज्य में पढ़ाई करें, तो अपने काम खुद करना पड़ता है- जैसे कि कमरा साफ करना, कपड़े धोना, बाथरूम साफ करना। बच्चों के लिए यह बदलाव एक प्रक्रिया है और इसे अपनाने में समय लगता है।

## मैरिज ब्यूरो चलाने वाली का लूट कांड, पति की दूसरे से करा दी शादी, 7 लाख लूटे

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में एक अजीबों गरीब मामला सामने आया है। मैरिज ब्यूरो चलाने वाली महिला ने अपने ही पति की दूसरी युवती से शादी करवा दी। महिला ने युवती को पति की प्रोफाइल भेज कर उसे सरकारी टीचर बताया। युवती को रिश्ता पसंद आया और उसने युवक से शादी कर ली। शादी के बाद पीड़िता से लगभग 7 लाख रूपये लेकर आरोपी पति अपनी पहली पत्नी के साथ फरार हो गया था।

मैरिज ब्यूरो की आड़ में अपने ही पति का सौदा कर लाखों की ठगी करने वाली सतनाम मैरिज ब्यूरो संचालिका समेत आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस ने 2 दिन के अंदर ठग दंपत्ति को ढूंढ निकला। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, जांजगीर-चांपा जिले के शिवरीनारायण की रहने वाली युवती ने जुलाई 2024 में एक मैरिज ब्यूरो में शादी के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था। इस मैरिज ब्यूरो को चित्रा चलाती थी। शुरू में कुछ प्रोफाइल दिखाने के बाद जब कोई लड़का पसंद नहीं आया तो चित्रा ने युवती को अपने ही पति संजय चौधरी का प्रोफाइल भेज दिया। संजय को उसने सरकारी शिक्षक बता दिया।

संजय की पहले से शादीशुदा होने की बात से अनजान युवती को लड़के का प्रोफाइल पसंद आ गया और गिरौधपुरी धाम में संजय और युवती की शादी करा दी गई। शादी के बाद संजय अपनी नई नवेली पत्नी को हरियाणा के सिरसा ले गया, फिर दोनों बिलासपुर लौट आए और विनोबा नगर में किराए के मकान में रहने लगे। वहां उन्होंने ब्यूटी पार्लर खोला, लेकिन असली ड्रामा तो इसके बाद शुरू हुआ।

संजय ने बीमारी और अन्य निजी समस्याओं का हवाला देकर अपनी नई पत्नी से धीरे-धीरे 7 लाख रुपये ले लिए और उन पैसों से एक कार भी खरीद ली, लेकिन कुछ समय बाद संजय अचानक गायब हो गया। पति के गायब होने से परेशान पत्नी ने तलाश शुरू की। महिला को पता चला कि चित्रा कोई और नहीं, बल्कि संजय की पत्नी है और दोनों ने मिलकर उसके साथ धोखा किया है।

## हमने सभी महिला आवेदकों को वित्तीय लाभ देकर गलती की: अजित पवार

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता अजित पवार ने सोमवार को माना कि पिछले साल शुरू हुई लाडकी बहिन योजना के तहत वित्तीय सहायता का भुगतान सभी महिला आवेदकों को कर बड़ी चूक हुई है। पवार ने कहा कि जांच के माध्यम से इस गलती को ठीक किया जाएगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि केवल वास्तविक लाभार्थियों को ही सहायता प्राप्त हो। उन्होंने इस चूक के लिए जल्दबाजी में योजना के क्रियान्वयन को जिम्मेदार ठहराया। लाडकी बहिन योजना की घोषणा पिछले साल नवंबर में हुए राज्य विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले की गई थी।

वित्त मंत्रालय का कार्यभार संभाल रहे पवार ने बारामती में संवाददाताओं से कहा, हमने सभी महिला आवेदकों को वित्तीय लाभ देकर गलती की। हमारे पास आवेदनों की जांच करने और अयोग्य लोगों की पहचान करने के लिए बहुत कम समय था। उस समय, दो से तीन महीने में चुनावों की घोषणा होनी थी। हालांकि, उन्होंने कहा कि महिलाओं के बैंक खातों में जमा धनराशि वापस नहीं ली जाएगी। पवार ने कहा, जब इस योजना की शुरुआत की गई थी, तो सरकार ने अपील की थी कि केवल पात्र



महिलाएं ही आवेदन करें, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसकी जांच की जा रही है। केवल जरूरतमंद महिलाओं को ही मासिक सहायता राशि मिलेगी। अजित पवार के इस गलती की बात स्वीकार करने के बाद शिवसेना (उबाठा) सांसद संजय राउत ने उनके इस्तीफे की मांग की है। राउत ने आरोप लगाया कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता पवार के नेतृत्व वाले वित्त विभाग ने वोटों की खातिर सरकारी धन की लूट को बढ़ावा दिया।

मुख्यमंत्री माजी लाडकी बहिन योजना 17 अगस्त 2024 को शुरू की गई थी, जिसका लक्ष्य 21 से 65 साल की आयु की उन महिलाओं को सहायता प्रदान करना है, जिनकी अधिकतम वार्षिक आय 2.5 लाख रुपये से कम है। आवेदकों को सितंबर महीने से लाभ मिलना शुरू हो गया था।

## चीन ब्रह्मपुत्र का पानी भारत की तरफ रोक दे तो? यह पूरी तरह से एक काल्पनिक और तथ्यहीन नैरेटिव है: हिमंत विश्व शर्मा

**गुवाहाटी, एजेंसी।**
असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने पाकिस्तान द्वारा ब्रह्मपुत्र नदी के पानी को लेकर फैलाए जा रहे भय को खारिज करते हुए तथ्यों के साथ करारा जवाब दिया है। शर्मा ने स्पष्ट किया कि ब्रह्मपुत्र भारत में बढ़ती है, घटती नहीं और चीन द्वारा इसके प्रवाह को रोकने की आशंका बेबुनियाद है। मुख्यमंत्री का यह बयान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के सलाहकार राणा एहसान अफजल के उस बयान के बाद आया, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर भारत पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि को निलंबित करता है, तो चीन भी भारत के लिए ब्रहमपुत्र का पानी रोक सकता है।

अफजल ने जियो न्यूज को दिए एक इंटरव्यू में कहा, अगर भारत पाकिस्तान की तरफ पानी रोकने जैसा कदम उठाता है, तो चीन भी यही कर सकता है। लेकिन अगर ऐसा होने लगा, तो पूरी दुनिया युद्ध की स्थिति में आ




जाएगी। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए शर्मा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, भारत द्वारा सिंधु जल संधि से निर्णायक रूप से हटने के बाद, पाकिस्तान अब एक नया काल्पनिक डर गढ़ रहा है- 'अगर चीन ब्रह्मपुत्र का पानी भारत की तरफ रोक दे तो?' यह पूरी तरह से एक काल्पनिक और तथ्यहीन नैरेटिव है। मुख्यमंत्री ने भौगोलिक और जलविज्ञान से जुड़े तथ्यों का हवाला देते हुए कहा कि ब्रह्मपुत्र के कुल जलप्रवाह का केवल 30-35प्रतिशत हिस्सा चीन के तिब्बत क्षेत्र से आता है, वो भी मुख्यतः ग्लेशियर के पिघलने और सीमित वर्षा के कारण। उन्होंने बताया कि इस नदी की 65-70प्रतिशत जलधारा भारत में उत्पन्न होती है, जिसमें पूर्वोत्तर भारत के राज्यों - अरुणाचल प्रदेश, असम, नागालैंड और मेघालय - में होने वाली मूसलधार मॉनसूनी वर्षा और इसकी कई सहायक नदियां मुख्य भूमिका निभाती हैं। सीएम ने कहा, ब्रह्मपुत्र की शक्ति भारत में प्रवेश के बाद ही बढ़ती है। इंडो-चीन बॉर्डर (तूतिंग) पर इसका प्रवाह मात्र 2,000-3,000 घन मीटर/सेकंड होता है, जबकि असम के मैदानी इलाकों (जैसे गुवाहाटी) में मॉनसून के दौरान यह बढ़कर 15,000-20,000 घन मीटर/सेकंड तक पहुंच जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर चीन वाकई ब्रह्मपुत्र का प्रवाह कुछ कम भी कर दे तो इससे भारत को फायदा ही हो सकता है, खासकर असम में हर साल आने वाली बाढ़ को लेकर। बता दें कि चीन ने अभी तक कभी किसी मंच पर ब्रह्मपुत्र को लेकर कोई बयान नहीं दिया है। असम सीएम ने आगे कहा, हर साल असम में लाखों लोग बाढ़ से बेघर होते हैं और आजीविका प्रभावित होती है। अगर चीन थोड़ी बहुत जलधारा रोके भी (जो कि न के बराबर संभावना है), तो यह भारत के लिए बाढ़ नियंत्रण में सहायक हो सकता है। हिमंत ने पाकिस्तान को यह भी याद दिलाया कि सिंधु जल संधि के तहत उसे 74 वर्षों तक भारत के पानी पर प्राथमिकता मिलती रही है, और अब जब भारत ने अपने संप्रभु अधिकारों की पुनः प्राप्ति की ओर कदम बढ़ाया है।

## विधानसभा उपचुनाव में भाजपा नहीं चाहती कोई रिस्क!

**जयपुर, एजेंसी।**
आगामी विधानसभा उपचुनावों को ध्यान में रखते हुए भारतीय जनता पार्टी जून महीने में राजस्थान में पांच बड़े जनसंपर्क अभियान चलाकर संगठन को चुनावी मोड में लाने की तैयारी में है। सोमवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में इन अभियानों की रूपरेखा तय की गई। पार्टी की रणनीति साफ है—संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाना और कार्यकर्ताओं के अनुभव को सत्ता संचालन में शामिल करना।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए साफ निर्देश दिए कि 15 जून तक सभी जिलाध्यक्ष अपने-अपने जिलों में मंडल समितियों का गठन कर लें। उन्होंने चेतावनी दी कि समिति गठन में गुटबाजी या व्यक्तिगत हितों को तरजीह नहीं दी जाएगी। राठौड़ ने कहा, मंडल अध्यक्षों को जिलाध्यक्षों, जनप्रतिनिधियों और अपने विवेक से समितियों का निर्माण करना होगा। सशक्त मंडल समितियां ही पार्टी की रीढ़ हैं, और यही संगठन को मजबूती देंगी जो राज्य की सत्ता में पुनर्वापसी की राह आसान करेंगी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि सभी की अपेक्षाएं एकसाथ पूरी नहीं हो सकतीं, लेकिन संगठन हर कार्यकर्ता के योगदान को संज्ञान में




ले रहा है। उन्होंने कहा, अब जबकि हमारी सरकार है, तो कार्यकर्ताओं के अनुभव को योजनाओं के क्रियान्वयन में शामिल करना हमारी जिम्मेदारी है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि भाजपा जून महीने में प्रदेशभर में पांच अभियान चलाएगी। इन अभियानों का उद्देश्य न केवल सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना है, बल्कि कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका में लाकर संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त करना है। वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान (5 जून से) - इस अभियान में जल संरक्षण को लेकर जनजागरूकता और श्रमदान कार्यक्रम आयोजित होंगे। संकल्प से सिद्धि तक (9 से 21 जून) - मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में केंद्र की योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) - प्रदेश भर में योग कार्यक्रम आयोजित कर स्वास्थ्य और संस्कृति को जोड़ने का प्रयास होगा। श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस (23 जून) - पार्टी के वैचारिक आधार को सशक्त करने और कार्यकर्ताओं को प्रेरित करने पर जोर रहेगा। आपातकाल की बरसी पर जन जागरूकता अभियान - कांग्रेस शासनकाल की आलोचना करते हुए आपातकाल के दौर की याद दिलाई जाएगी। भाजपा के इन अभियानों को केवल सामाजिक सरोकारों तक सीमित न मानकर राजनीतिक रणनीति के हिस्से के रूप में देखा जा रहा है। संगठनात्मक कार्यशालाओं और अभियानों के जरिये भाजपा अपनी जमीनी पकड़ मजबूत करना चाहती है।

## केंद्रीय गृह सचिव ने मणिपुर के राज्यपाल से सीमा पर बाड़ लगाने, कानून व्यवस्था के मुद्दे पर चर्चा की

**इंफाल, एजेंसी।**
केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय केंद्रीय दल ने सोमवार को मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में दो राहत शिविरों का दौरा किया। मणिपुर गृह विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि चुराचांदपुर जिले के वेंग में असम राइफल्स के हेलीपैड पर उतरने के बाद केंद्रीय दल न्यू लामका के डोरकास वेंग में एक राहत केंद्र गया, जहां गृह सचिव ने बच्चों के लिए एक क्रेच सुविधा और महिलाओं के लिए सिलाई कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इन दोनों कार्यक्रमों का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों को सहायता और सशक्त बनाना है।

बयान में कहा गया है कि केंद्रीय गृह सचिव और मणिपुर के राज्यपाल के बीच सोमवार को बैठक हुई जिसमें आसूचना ब्यूरो (आईबी) के निदेशक तपन कुमार डेका, मणिपुर के मुख्य सचिव, मणिपुर सरकार के सुरक्षा सलाहकार और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

बयान में कहा गया है, ''बैठक में आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्तियों (आईडीपी) के लिए राहत एवं पुनर्वास प्रयासों, सीमा पर बाड़ लगाने और समग्र



कानून व्यवस्था की स्थिति सहित राज्य से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया।'' बयान के अनुसार, बैठक के दौरान पर्वतीय क्षेत्रों एवं घाटी दोनों में आईडीपी के लिए जारी राहत उपायों की समीक्षा की गई और विस्थापित व्यक्तियों को प्रदान की जा रही वर्तमान सुविधाओं, पुनर्वास प्रयासों की स्थिति और उनके स्थायी पुनर्वास के लिए दीर्घकालिक योजना का विस्तृत मूल्यांकन किया गया।

बैठक में भारत-म्यांमा सीमा पर बाड़ लगाने के कार्य में प्रगति और राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति पर भी विचार-विमर्श किया गया। इससे पहले सोमवार को केंद्रीय गृह सचिव और आईबी निदेशक के नेतृत्व में केंद्रीय टीम ने चुराचांदपुर में दो राहत शिविरों में आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्तियों से बातचीत की और दोनों शिविरों की स्थिति का निरीक्षण किया।

# ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो को सिकंदरपुर से जोड़ना क्यों संभव नहीं, कहां फंस रहा पेंच?

**गुरुग्राम , एजेंसी।**
हरियाणा मास रैपिड ट्रांसपोर्ट कार्पोरेशन (एचएमआरटीसी) ने ओल्ड गुरुग्राम में प्रस्तावित मेट्रो को दिल्ली मेट्रो रेल लिमिटेड (डीएमआरसी) के सिकंदरपुर मेट्रो स्टेशन से सीधे जोड़ने की योजना को सर्वे में संभव नहीं पाया। इसको लेकर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित एचएमआरटीसी बोर्ड की बैठक में इस योजना को रद्द कर दिया है।

परिवहन विभाग के तत्कालीन अतिरिक्त मुख्य सचिव अशोक खेमका एचएमआरटीसी के निदेशक भी थे। अप्रैल माह में एचएमआरटीसी बोर्ड की बैठक में खेमका ने पक्ष रखा था कि ओल्ड गुरुग्राम में प्रस्तावित मेट्रो स्टेशन को सिकंदरपुर मेट्रो स्टेशन से



जोड़ने की संभावनाओं को तलाशा जाए। सिकंदरपूर में डीएमआरसी की येलो मेट्रो और रैपिड मेट्रो के स्टेशन हैं। इसके पीछे उन्होंने कारण बताया था कि सिकंदरपूर मेट्रो स्टेशन के आसपास व्यावसायिक गतिविधियों का एक हब है। इसके बाद एचएमआरटीसी ने एक एजेंसी के माध्यम से ओल्ड गुरुग्राम में प्रस्तावित मेट्रो को सिकंदरपुर मेट्रो से जोड़ने की योजना को लेकर सर्वे करवाया। एजेंसी ने चार रूट का सर्वे करके रिपोर्ट दाखिल की। इसके मुताबिक पहले रूट के तहत ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो को रैपिड मेट्रो के सामांतर चलाकर सिकंदरपुर मेट्रो से जोड़ा जाए, जिसकी लंबाई करीब 2.3 किमी होगी। दूसरे रूट के तहत मिलेनियम सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन को एमजी रोड के माध्यम से यदि सिकंदरपुर से जोड़ा जा सकता है। इसमें 4.40 किमी लंबी लाइन बिछानी होगी। तीसरे रूट के तहत मिलेनियम सिटी सेंटर को व्यापार केंद्र रोड के माध्यम से सिकंदरपुर से जोड़ा जा सकता है। इसके लिए 4.21 किमी लंबी मेट्रो लाइन बिछानी होगी। यह लाइन रैपिड मेट्रो के साथ-साथ करीब दो किलोमीटर चलेगी। इस तरह चौथे रूट के तहत मिलेनियम सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन से हेमिल्टन कोर्ट होते हुए यदि मेट्रो लाइन बिछाई जाए तो इसकी लंबाई करीब 4.63 किमी होगी। ये डीएमआरसी की येलो लाइन मेट्रो के साथ-साथ करीब एक किमी तो रैपिड मेट्रो के साथ-साथ डेढ़ किमी तक चलेगी।

गत 14 मई को हरियाणा के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एचएमआरटीसी की बैठक हुई। इसमें इस सर्वे रिपोर्ट को रखा गया। बातचीत के बाद फैसला हुआ कि सिकंदरपुर मेट्रो स्टेशन से ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो को जोड़ना संभव नहीं है। मेट्रो लाइन सामनांतर दूसरी मेट्रो लाइन के साथ-साथ चलेगी। यह आर्थिक रूप से सही नहीं है।

मौजूदा समय में डीएमआरसी की येलो लाइन में आ रहे सिकंदरपुर मेट्रो स्टेशन से रैपिड मेट्रो का स्टेशन फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) के माध्यम से जुड़ा हुआ है। ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो के तहत अंतिम स्टेशन डीएलएफ साइबर सिटी में बनना है। साइबर सिटी से रैपिड मेट्रो के माध्यम से सिकंदरपुर जाया जा सकता है या मिलेनियम सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन से कोई यात्री सिकंदरपुर मेट्रो स्टेशन उतर सकता है। ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो के तहत पहले चरण का टेंडर इस माह में आवंटित हो जाएगा।

## डेबिट कार्ड बदलकर 40 हजार रुपये निकाले

**✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷**। मुरादनगर की मलिक नगर कॉलोनी निवासी महिला शायदा ने बताया कि वह सोमवार को एटीएम से रकम निकालने गई थीं। जिस समय रकम निकाल रही थीं तो एक युवक आया। आरोप है युवक ने उन्हें बातों में उलझाकर डेबिट कार्ड बदल लिया। जब वह घर पहुंची तो मोबाइल पर खाते से 40 हजार रुपये कटने का मैसेज आ गया। इस पर महिला ने डेबिट कार्ड देखा तो वह बदला हुआ था। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी है। सीओ ने बताया कि मुतबाकि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## घर में घुसकर पिता, पुत्र, भाई और भतीजी के साथ मारपीट

**✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷**। लोनी बार्डर थाना क्षेत्र की राजीव गार्डन कॉलोनी में रविवार शाम कॉलोनी में रहने वाले व्यक्ति ने परिजनों के साथ घुसकर पड़ोस में रहने वाले पिता, पुत्र, भाई व भतीजी के साथ मारपीट की। पीड़ति की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। राजीव गार्डन कॉलोनी में नानक परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पूर्व कॉलोनी में रहने वाले चंद्रपाल से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। आरोप है कि रविवार को चंद्रपाल अपने चार बेटों रोहित, राबीन, प्रिंस, प्रवीन भतीजे नीरज, दीपांशु और साले कुक्कू के साथ उनके घर पहुंचा। इन सबने मिलकर नानक, उनके पिता रूप सिंह, भाई सतीश व भतीजी आंचल के साथ लाठी डंडों से मारपीट की। जिससे उन्हें सिर व पैर में गंभीर चोट आई। शोर मचाने पर आसपास के लोगों को एकत्र होता देख हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। घायलों का उपचार दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में हुआ। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद उन्होंने आरोपियों के खिलाफ शिकायत दी। शिकायत पर पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## प्रॉपर्टी डीलर पर हथियार से हमला

**✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷**। लोनी थाना क्षेत्र की मुश्तफाबाद कालोनी में दो लोगों ने एक प्रॉपर्टी डीलर पर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। 30 मई की घटना में सोमवार को पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। शहनाज मुश्तफाबाद कालोनी में परिवार के साथ रहती है। उनका पुत्र साहिद कालोनी में प्रॉपर्टी डीलर का कार्य करते है। आरोप है कि शुक्रवार रात करीब नौ बजे बेटा कालोनी स्थित चांद मस्जिद से सरकारी स्कूल की ओर जा रहा था। इस दौरान नासीर व इरफान ने उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। बेटा घायल होने के बाद नीचे जमीन पर गिर पड़ा। आस पास लोगों को एकत्र होता देख दोनों मौके से फरार हो गये। मामले की जानकारी मिलने पर वह मौके पर पहुंची और घायल बेटे को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस को दी। सीओ लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि घायल की मां के शिकायत पर दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## युवती के साथ छेड़छाड़ और मारपीट का आरोप लगाया

**✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷**। मोदीनगर के भोजपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में दलित युवती के साथ छेड़छाड़ और मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी है। गांव निवासी पीड़िता का कहना है कि वह किसी काम से बाजार जा रही थी। आरोप है कि राश्ते में गांव में रहने वाला मुकेश उर्फ मूले ने उसका हाथ पकड़ लिया और अश्लील हरकत करने लगा। विरोध पर मारपीट की गई। किसी युवती ने घर पहुंचकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। पीड़िता का कहना है कि वह अपने भाई के साथ आरोपी के घर शिकायत करने जा रही थी। इस बीच राश्ते में आरोपी मुकेश मिल गया। युवती और उसके भाई को देखकर आरोपी तालाब में कूद गया, जिस कारण वह चोटिल हो गया। पुलिस ने मुकेश उर्फ मूले के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। आरोपी पक्ष का थाने, तहसील पर प्रदर्शन मामले को लेकर आरोपी पक्ष के सैकड़ों लोगों ने सोमवार रात को भोजपुर थाने और मंगलवार सुबह मोदीनगर तहसील पर प्रदर्शन कर किया। उनका आरोप है कि पुलिस मामले में पक्षीय कार्रवाई कर रही है। आरोपी युवक को बंधक बनाकर बेरहमी से पीटा गया है।

## फाइनेंस कंपनी पर गाड़ी चोरी कर दूसरे को बेचने का आरोप

**✷ एनसीआर टुडे. ग्रेटर नोएडा ✷**। लॉजिस्टिक कंपनी के निदेशक ने किश्त टूटने पर फाइनेंस कंपनी पर दो गाड़ियों को चोरी कर किसी दूसरे को बेचने का आरोप लगाया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने फाइनेंस कंपनी के मैनेजर समेत पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। ग्रेटर नोएडा में लॉजिस्टिक कंपनी चलाने वाले निदेशक शैलेंद्र सिंह ने न्यायालय में शिकायत पत्र दिया था। निदेशक के मुताबिक कोरोना के समय में उनकी दो गाड़ियों की किश्त टूट गई। इस बीच फाइनेंस कंपनी ने रोहतक हरियाणा से उनकी दोनों गाड़ी चोरी कर ली। इसके बाद दोनों गाड़ियों को धोखाधड़ी कर किसी दूसरे व्यक्ति को बेच दिया। पीड़ति निदेशक पिछले काफी दिन से कंपनी से अपने वाहन वापस करने की गुहार लगा रहा है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। पीड़ित द्वारा इसकी शिकायत पुलिस से भी की गई। पुलिस ने भी कोई मदद नहीं की, मजबूरन पीड़ित को कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। अब न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

## अवैध शराब संग तस्कर गिरफ्तार

**✷ एनसीआर टुडे. ग्रेटर नोएडा ✷**। फेज-1 थाने की पुलिस ने दुकानें बंद होने के बाद रात में शराब की तस्करी करने के आरोपी को सेक्टर-8 के पास से मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान जेजे कॉलोनी निवासी कन्नू उर्फ आजाद के रूप में हुई। उसके पास से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद हुई। नोएडा के फेज-1 थाने में आरोपी के खिलाफ दो केस दर्ज होने की जानकारी मिली है। जिले के अन्य थानों से भी उसका आपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह दिन में शराब खरीदकर स्टॉक कर लेता है। रात में जब शराब की दुकानें बंद हो जाती हैं, तब स्टॉक की हुई शराब की आजाद तस्करी करता है। तीन गुना ज्यादा दाम लेकर आरोपी रात में शराब बेचता है।

# करोड़ों की ठगी करने वालों के खिलाफ डीएम को ज्ञापन दिया

### भूमाफियाओं की ठगी का शिकार लोग दर-दर की ठोकर खाने पर मजबूर






**✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर/नजीबाबाद ✷**

मोटा महादेव मंदिर जटपुरा रोड नजीबाबाद में महादेवपुरम के नाम से काटी जा रही तीन कॉलोनीयां व आशियाना कॉलोनी कोतवाली देहात में प्लॉट दुकान लेने के नाम पर करोड़ों रूपये की ठगी के शिकार लोगों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सोपा।

पीडितो ने कॉलोनाइजर आसिम जलाल, अभिषेक गुप्ता,शावेज़ इंतजार, कैफ आकाशी, अमजद, आदि के खिलाफ कार्यवाही की मांग की।

पीड़ितों ने बताया कि उपरोक्त कॉलोनाइजर कॉलोनी के लिए सब मिलकर जमीन खरीदते हैं। किसान से एग्रीमेंट सिर्फ एक या दो व्यक्ति कराते हैं। फिर जिसके नाम एग्रीमेंट नहीं होता अपने उन पार्टनर व पूरी टीम को कॉलोनी पर ठगी करने के लिए छोड़ देते हैं। वह टीम सीधे-साधे लोगों को सश्ती जमीन के नाम पर व कुछ दिनों में जमीन का पैसा डबल होने के नाम पर कॉलोनाइजरों से मुलाकात कराते हैं और बड़ी रकम लगवा देते हैं। जनपद में यह पहले ऐसे कॉलोनाइजर है जो कॉलोनी का बुकिंग कार्ड, एग्रीमेंट, के साथ-साथ रिटर्न चेक भी देते हैं। फिर जब करोड़ों रुपए लोगों का इकट्ठा हो जाता है तो सब पार्टनर मिलकर एग्रीमेंट करने वाले को भगा देते है।

उपरोक्त कॉलोनाइजरों ने शावेज को भगाने के बाद यह दर्शाने की कोशिश की कि हमारा उस से कोई संबंध नहीं था।

जबकि लोगों ने पैसे नकद व बैंक द्वारा सभी कॉलोनाइजरों को दे रखे है ओर आसिम जलाल ने क्षेत्रीयधिकारी नजीबाबाद के यहां लिखित बयान दिया है कि फरार शावेज़ ने करीब 4 करोड़ 63 लाख कुछ हजार रुपए मुझे दिए हैं।

मगर मैंने उसके बेनामे कर दिए जबकि आसिम ने शावेज़ के नाम एक भी बेनाना नहीं किया। जिनके नाम बेनाने किए कानूनी रूप से उन्होंने आसिम को पैसे दिए। पीड़ितों ने ज्ञापन में मांग करते हुए कहा कि उपरोक्त भूमाफियाओं के कहने पर वसूली करने वाले कैफ अकाशी, विशाल अग्रवाल, रिहान मकरानी, साजिद मामा, आदि को पुलिस हिरासत में ले पूछताछ करे। फरार शावेज़ सभी से फोन पर बात कर रहा है। मगर अभी तक पुलिस शावेज को पकड़ नहीं पाई। पीड़ितों के मामले के निश्तारण होने तक उपरोक्त मुलज़मिन द्वारा काटी जा रही अवैध कॉलोनियों में प्लॉट की खरीद फरोख्त पर रोक लगाई जाये।

सभी कॉलोनाइजरों के बैंक खातों की बारीकी के साथ जांच हो और अवैध कॉलोनियों पर बुलडोजर चले ओर पीड़ितों को जमीन या पैसे वापस दिलाए जाएं। डीएम ने सभी अवैध कॉलोनियों व लोगों के साथ पूरी ठगी के जांच के आदेश दिए हैं। इस मौके पर ओमपाल दीपक कुमार अनीस,मुख्तार सतीश इमरान, आनंद कुमार, चंद्रशेखर ललित शर्मा रेशमा, गुलशन, रीता शर्मा, आदि दर्जनों पीड़ित मौजूद थे।

## रंजिशन किशोर की बुरी तरह मारपीट कर की हत्या- परिवार में मचा कोहराम

**✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷**

पुरानी रंजिश के चलते 8वीं के छात्र की पीट-पीटकर बे रहमी से हत्या कर दी गई। लड़के के सीने और प्राइवेट पार्टी हमला किया गया।

जिससे युवक की तड़प तड़प कर दर्दनाक मौत हो गई। जिसकी खबर से परिजनों में कोहरा मचा हुआ है। बताया जा रहा है कि पड़ोसियों से, लंबे समय से रंजिश चल रही थी।

दरअसल यह दिल दहला देने वाला मामला थाना नजीबाबाद के ग्राम बौरीकी से सामने आया है। जहाँ एक किशोर की कथित रंजिश के चलते हत्या का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान बरेकी गांव निवासी 16 वर्षीय फैसल पुत्र दिलशाद के रूप में हुई है। वह कक्षा 8वीं का छात्र था।

परिजनों के अनुसार, पड़ोस में रहने वाले कुछ लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते फैसल के साथ मारपीट की। उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपियों ने इतनी बुरी तरह पीटा कि मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

पीड़ित परिवार ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है।

## थार का कहर, युवक को रौंदा, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती



**✷एनसीआर टुडे. नोएडा ✷**

सेक्टर-53 इलाके में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक हाई स्पीड थार ने एक युवक को जोरदार टक्कर मार दी।

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि किस तरह युवक को पहले पीटा गया, फिर उसे जान से मारने के लिए थार से रौंदने की कोशिश की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह घटना थाना सेक्टर 24 क्षेत्र के अंतर्गत सेक्टर-53 की है। बताया गया कि कुछ युवकों के बीच पहले कहासुनी और मारपीट हुई, जिसके बाद हमलावर युवक ने थार गाड़ी को तेजी से युवक की ओर दौड़ाया और उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदश्त थी कि युवक सड़क से उछलकर नाली में जा गिरा।

घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना का वीडियो सामने आने के बाद नोएडा पुलिस ने इसका संज्ञान लिया और तत्काल कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस ने बताया कि घटना में शामिल आरोपियों की पहचान की जा रही है और उनकी गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम का गठन कर दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान में आसानी होगी और जल्द ही उन्हें हिरासत में लिया जाएगा।

पुलिस ने लोगों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रही अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी प्रकार की जानकारी होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें।

## एग्री आउटरीच केडिट कैम्प में 44.32 करोड़ के एग्री क्रेडिट के 464 ऋण आवेदन हुए स्वीकार

**✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷**





पंजाब नैशनल बैंक, प्रधान कार्यालय, नई दिल्ली के निर्देशानुसार जनपद बिजनौर स्थित बैंक की समश्त शाखाओं में एग्री आउटरीच केडिट कैम्पस का आयोजन किया गया । इसी क्रम में पंजाब नैशनल बैंक की मण्डावर शाखा पर बैंक की मौ० पुर देवमल, गजरौला शिव, चन्दक और नांगल सोती शाखाओं द्वारा संयुक्त रूप से मेगा केडिट कैम्प का आयोजन किया गया।

इस कैम्प का उद्घाटन विशिष्ट अतिथि मौ० आसिफ खान, अध्यक्ष नगरपंचायत मण्डावर एवं मुख्य अतिथि अजीत कुमार पाण्डेय, मण्डल प्रमुख पंजाब नैशनल बैंक मण्डल कार्यालय, बिजनौर द्वारा किया गया।

मण्डावर शाखा पर आयोजित इस एग्री क्रेडिट कैम्प में सहभागिता कर रही बैंक की शाखाओं के प्रबन्धको द्वारा कृषि एवं कृषि की अनुषंगी ऋण योजनाओं के बारे में ग्राहकों को विश्तार से जानकारी दी गई।

एग्री आउटरीच केडिट कार्यकम के उद्देश्यों एवं उपयोगिता पर विश्तार से प्रकाश डालते हुए मुख्य अतिथि मण्डल प्रमुख, अजीत कुमार पाण्डेय ने कहा कि बिजनौर कृषि प्रधान जिला होने के कारण यहां कृषि एवं कृषि आधारित योजनाओं में ऋण की अपार सम्भावनाएं हैं। उन्होंने कृषकों एवं कृषि की सहायक गतिविधियों से जुड़े सभी पात्र व्यक्तियों से इन ऋण योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने उपस्थित बैंक प्रबन्धको से इन योजनाओं के अधिक से अधिक गुणवत्ता पूर्ण ऋण आवेदन एकत्र करने के निर्देश भी दिये।

एग्री ऋण योजनाओं हेतु आयोजित आज के एग्री आउटरीच केडिट कैम्प में 44.32 करोड़ के कुल 464 ऋण आवेदन स्वीकार किये गये।

कार्यकम में मण्डल कार्यालय से आये मुख्य प्रबन्धक श्री सोनू गोस्वामी वरिष्ठ प्रबन्धकगण श्रीमति अदिति चौहान, श्री राजीव रंजन, एवं नवीन कुमार, विकास कुमार, जसवीर सिंह, उदयवीर सिंह एवं गौरव सिंह आदि उपस्थित रहे। इस कार्यकम में बड़ी संख्या में ग्राहकों एवं आम नागरिकों ने एग्री ऋण योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

## निवेश के नाम पर इंजीनियर से 30 लाख ऐंठे

**✷एनसीआर टुडे. नोएडा ✷**

साइबर अपराधियों ने क्रिप्टो करेंसी में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर इंजीनियर से 30 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में ग्रेटर नोएडा निवासी उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि वह सेक्टर-144 स्थित कंपनी में सीनियर कंसलटेंट इंजीनियर हैं। वह शेयर ट्रेडिंग भी करते हैं। उन्होंने सात दिसंबर 2023 को आदित्य नगेस्ट इन्वेस्टमेंट व्हाट्सएप ग्रुप ज्वॉइन किया। इसमें 200 सदस्य पहले से ही जुड़े थे। ग्रुप की बातचीत को पढ़कर उनको अहसास हुआ कि एडमिन क्रिप्टो करेंसी में निवेश कराता है और इस पर होने वाले मुनाफे की जानकारी रोजाना देता है। कई दिन तक उपेंद्र ग्रुप में होने वाली हर गतिविधि पर नजर रखे रहे। एकदिन ग्रुप के एडमिन ने उनसे भी क्रिप्टो करेंसी खरीदने और बेचने का कारोबार कर मुनाफा कमाने का विचार दिया। एडमिन द्वारा बताया गया कि क्रिप्टो करेंसी में निवेश के लिए उसे एक ऐप डाउनलोड करना होगा। साथ ही इसी ऐप पर एक अकाउंट भी बनाना पड़ेगा। उपेंद्र ने ग्रुप के एडमिन और सदस्यों के कहने पर ऐप डाउनलोड कर अपना अकाउंट बना लिया। मुनाफा कमाने के चक्कर में उन्होंने अपने साढ़े सात लाख रुपये के शेयर बेच दिए। साथ ही रिश्तेदारों और दोश्तों से रकम उधार ली। ऐप पर ही क्रिप्टो करेंसी खरीदने के लिए उपेंद्र ने 30 लाख रुपये का निवेश किया।

इस पर उसे 50 लाख रुपये का मुनाफा दिखने लगा। उन्होंने जब इसमें से पांच लाख रुपये निकालने चाहे तो ग्रुप के एडमिन की ओर से बताया गया कि कुल रकम का 30 प्रतिशत और जमा करने के बाद ही रकम निकल सकेगी।

## डीएनडी की खाली जमीन के सर्वेक्षण के लिए दोबारा से टेंडर जारी

**एनसीआर टुडे. नोएडा**। नोएडा प्राधिकरण ने डीएनडी पर खाली पड़ी जमीन के टोपोग्राफिकल सर्वेक्षण के लिए दोबारा टेंडर जारी किया है। एजेंसियां नौ जून तक आवदेन कर सकती हैं। पहले जारी किए गए टेंडर में किसी एजेंसी का चयन नहीं हो सका था।

यहां पर डूब क्षेत्र में करीब 330 एकड़ जमीन खाली है। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि डीएनडी पर पहले उच्च न्यायालय और फिर उच्चतम न्यायालय ने टोल फ्री रखने का आदेश दिया था। उच्चतम न्यायालय ने नोएडा टोल ब्रिज कंपनी और नोएडा प्राधिकरण के बीच हुए करार पर सवाल उठाया था।

# सब्दलपुर की नव विवाहिता का पति पर गंभीर आरोप

**✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷**



थाना हीमपुर दीपा क्षेत्र मे जहां दो माह पूर्व अपने ही गाँव के युवक से हुई शादी के बाद एक नवविवाहिता ने अपने पति पर मारपीट और प्रताड़ति करने का आरोप लगाया है। पीड़िता के अनुसार उसका पति सात सीट वाली गाड़ी की मांग करते हुए आय दिन उसके साथ मारपीट करता है।

पीड़िता ने बताया कि उसकी मुँह दिखाई में आई करीब एक लाख की रकम को भी उसके पति ने दबाया हुआ है। वहीं पीड़िता के परिजनों ने बताया कि पुलिस को बीती 30 मई को प्रार्थना पत्र दिया गया था परंतु अभी तक भी कोई कार्रवाई नही की गई है।

दरअसल मौ० यूनुस पुत्र मौ० ईशाक निवासी सब्दलपुर थाना हीमपुर दीपा ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसने अपनी पुत्री रजिया का निकाह अपने ही गांव सब्दलपुर निवासी मोहसीन पुत्र अमीर के साथ दो माह पूर्व मुस्लिम रीति रिवाज के साथ अपनी हैसियत के अनुसार किया था।

पीडित पिता ने बताया कि शादी के बाद से ही उसका पति उनकी बेटी को एक सात सीट की गाड़ी के नाम पर प्रताड़ित करने लगा। पीड़िता का आरोप है कि उसे दो बार जान से मारने की कोशिश भी की जा चुकी है। उधर पीड़िता के पिता ने भी तहरीर में उनकी पुत्री की जान को खतरा बताया है।

पीड़ित पिता का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा लिखने के बजाय पुलिस ने आरोपी पति का शांति भंग में चालान कर मामले को रफादफा कर दिया। जबकि उनकी पुत्री को जान का खतरा बना हुआ है। वहीं जब थानां प्रभारी से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि पीड़िता किसी भी समय थाने आ सकती है। अपना मेडिकल कराकर अपना मुकदमा पंजीकृत करा सकती है। मामले में पुलिस ने पुलिस क्षेत्राधिकारी चांदपुर को जांच आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

## कार की टक्कर से दो दोस्त घायल

**✷ एनसीआर टुडे. ग्रेटर नोएडा ✷**

ग्रेनो वेस्ट में एक मूर्ति गोल चक्कर के समीप बेकाबू कार ने सड़क किनारे खड़े दो दोश्तों को टक्कर मार दी। हादसे में घायल दोनों दोश्तों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने इस मामले में कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

बिसरख कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक विशाल और रिंकू दोनों दोश्त हैं। विशाल ने पुलिस को बताया कि वह दोनों सोमवार की सुबह एक मूर्ति गोल चक्कर के समीप सड़क किनारे खड़े थे। इसी बीच एक तेज रफ्तार कार ने दोनों को टक्कर मार दी। इस बीच आरोपी चालक कार लेकर मौके से भाग गया। राहगीरों ने दोनों घायलों को नजदीक के एक अस्पताल में भर्ती करवाया। घायल विशाल ने आरोपी कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है।

## एसपी के निर्देश पर ईद उल अजहा शांतिपूर्ण संपन्न कराने को हुई बैठक



**✷ एनसीआर टुडे. अफजलगढ़ ✷**

एसपी अभिषेक झा के निर्देश पर ईदुल अजहा के त्योहार को लेकर कोतवाली प्रांगण में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

सीओ अफजलगढ़ राजेश सिंह सोलंकी ने कहा कि सभी साथ मिलकर त्यौहारो को शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं और भाईचारे की मिसाल दे।

सोमवार को कोतवाली प्रांगण में एसपी अभिषेक झा के नेतृत्व में ईदुल अजहा के पर्व को लेकर हुई शांति समिति की बैठक में सीओ राजेश सिंह सोलंकी ने नगर और क्षेत्र के लोगों से आपसी सौहार्द के साथ ईदुल अजहा का त्योहार शांति पूर्वक मनाने के साथ साथ सरकार की गाइडलाइन का पालन नियमों का भी ख्याल रखने की अपील की। इस मौके पर थानाध्यक्ष सुमित राठी ने कहा कि नगर पालिका की ओर से नगर में साफ सफाई व्यवस्था पानी पर विशेष ध्यान देने के साथ आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ ईदुल अजहा का त्योहार मनाने को कहा असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाए।

शांति समिति के सभी सदस्य सक्रिय रहें। कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा। इस मौके पर पूर्व विधायक शेख सुलेमान ने सभी हिन्दू भाइयों को ईदुल अजहा की मुबारकबाद देते हुए कहा है कि ईदुल अजहा का त्योहार बहुत ही प्रेम और सद्भाव के साथ मनाया जाता है। क्षेत्र में एक दूसरे का त्योहार मिलजुलकर हमेशा मनाया जाता है। गंगा जमुना की तहजीब कायम है।

हमेशा कायम रहेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीओ अफजलगढ़ राजेश सिंह सोलंकी व संचालन पूर्व चेयरपर्सन पति सलीम अंसारी एडवोकेट ने किया।

इस अवसर पर नायाब तहसीलदार कपिल आजाद,पूर्व विधायक शेख सुलेमान के आलावा चेयरपर्सन पति जावेद विकार, मुफ्ती सईदुर्रहमान, मौलाना मुख्तार अहमद, तसव्वुर कुरैशी, कैलाश चौधरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश बंजारा, शेख अब्दुल्ला, अफजाल असलूब अंसारी, इकरार कुरैशी, रईस वकील, आदि मौजूद रहे।

## एक दिन में कोरोना के 45 मरीज मिले

**एनसीआर टुडे. नोएडा**। स्वास्थ्य विभाग ने मंगलवार को कोरोना संक्रमित 45 नए मरीजों की पुष्टि की। इस वर्ष एक दिन में संक्रमितों की यह संख्या सबसे अधिक है। होम आइसोलेशन और अस्पताल से अब तक छह मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। " नए संक्रमित मरीजों में से 44 का इलाज होम आइसोलेशन में किया जा रहा है।"

एक मरीज निजी अस्पताल में इलाज करवा रहा है। नए मरीजों में तीन परिवार के 10 से अधिक सदस्य संक्रमित हैं। 18 साल से कम उम्र के भी तीन मरीजों में कोरोना संक्रमण मिला। जिले में पिछले 11 दिनों में 108 कोरोना संक्रमित मरीज मिले हैं। इनमें से 102 सक्रिय मरीज हैं। इन मरीजों में से 54 मरीज पुरुष और इतने ही महिलाएं हैं। मरीजों के संपर्क में आए लोगों की जांच नहीं की गई है। जिला निगरानी अधिकारी टीकम सिंह ने बताया कि अस्पताल में भर्ती मरीज भी गंभीर नहीं है, बल्कि एहतियात के लिए मरीज अस्पताल में इलाज करवा रहा है।

## उप सरपंच 'गुड़ की चाय' शाखा संख्या 1091 का उद्घाटन

**✷ एनसीआर टुडे. अफजलगढ़ ✷**



धामपुर मार्ग पर स्थित भारतीय स्टेट बैंक के निकट, टीवीएस एजेंसी के समीप 'गुड़ की चाय' की नई शाखा, महाराष्ट्र की प्रसिद्ध श्रृंखला की 1091वीं शाखा है।

इस अवसर पर चेयरपर्सन पति जावेद विकार व नगर के अन्य गणमान्य नागरिकों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। कार्यक्रम में शहर के कई सम्मानित व्यक्तित्वों की उपस्थिति ने माहौल को और भी गरिमामय बना दिया।

शाखा के संचालक शानू अंसारी व फरमान मलिक (निवासी धामपुर) ने बताया कि 'हमारी दुकान पर शुद्ध गुड़ से बनी खास चाय अत्यंत ही सश्ते दामों पर उपलब्ध कराई जाएगी।

इसके साथ ही ग्राहकों को फास्ट फूड, चिप्स,नमकीन, बिस्किट, आइसक्रीम,कोल्ड ड्रिंक आदि की सुविधाएं भी मिलेंगी।'

विशेष आकर्षणः उद्घाटन के अवसर पर 'गुड़ की चाय' ग्राहकों को निःशुल्क परोसी गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जावेद विकार (चेयरपर्सन पति), शमशाद हुसैन, अब्दुल बारी, चांद सभासद, मिस्त्री तालिब, मोहम्मद अब्दुल्लाह, मोहम्मद कफील, अहमद पत्रकार शावेज़ सावेज अहमद पत्रकार, अमानत हुसैन पत्रकार, अजय कुमार, सुनिल नारायण, विनय भार्गव (अध्यक्ष, वेलफेयर प्रेस क्लब), इशरत अली अध्यक्ष उत्तर प्रदेश पत्रकार एसोसिएशन जर्नलिस्टऑफ़ तहसील इकाई धामपुर हस्सान, इकराम अली,उबेद विशाल, शराफत,साजिद सैफी, सलमान सैफी, मोहम्मद अख्तर व अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### विधानसभा चुनाव 2027 के लिए सपा बना रही बड़ी रणनीति

#### इसलिए भंग कर दीं जिला-महानगर समेत सभी इकाइयां

**आगरा , एजेंसी।** समाजवादी पार्टी की नई कार्यकारिणी में पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) वर्ग के कार्यकर्ताओं की भागीदारी बढ़ सकती है। 2027 की तैयारियों को देखते हुए कार्यकारिणी में युवाओं को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने की उम्मीद है। जिला-महानगर कमेटी, राज्य के कार्यकारिणी पदाधिकारी-सदस्य समेत सभी इकाइयां भंग होने से युवा कार्यकर्ताओं की उम्मीद बढ़ गई है। समाजवादी पार्टी बीते कुछ सालों से पीडीए का एजेंडा चला रही है। लोकसभा



चुनाव में इसका भरपूर फायदा भी मिला। अब सपा की नजर 2027 में होने वाले प्रदेश के चुनाव पर है। ऐसे में सपा मुखिया के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने आगरा की जिला-महानगर, प्रकोष्ठ समेत सभी इकाइयों को भंग कर दिया है। अब नए सिरे से पदाधिकारी तय होंगे। इसमें पीडीए से आने वाले कार्यकर्ताओं की बल्ले-बल्ले हो सकती है। निवर्तमान महानगर अध्यक्ष चौधरी वाजिद निसार का कहना है कि विधानसभा चुनाव की तैयारियों के लिए नई कार्यकारिणी बनेंगी। इसके लिए प्रदेश अध्यक्ष ने वर्तमान इकाइयां भंग कर दी हैं। नई टीम में युवाओं के साथ अनुभवी कार्यकर्ताओं को भी तवज्जो मिलने की उम्मीद है।

**सपा के 17 प्रकोष्ठों में 5000 पदाधिकारी-** निवर्तमान जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण वर्मा ने बताया कि महानगर और जिला कार्यकारिणी के अलावा सपा युवजन सभा, सपा छात्र सभा, लोहिया वाहिनी, मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड, अल्पसंख्यक सभा, महिला सभा, अधिवक्ता सभा समेत 17 प्रकोष्ठ हैं। इनमें 5000 के करीब पदाधिकारी हैं। इन प्रकोष्ठों में निष्क्रिय कार्यकर्ताओं को दरकिनार किया जाएगा।

### कंदवा में पूरी रात रही बिजली की आवाजाही, गर्मी से बिलबिलाते रहे लोग

**वाराणसी, एजेंसी।** बिजली विभाग की ओर से रोजाना शटडाउन लेकर शहर में ट्रांसफॉर्मर और तारों की मरम्मत, उसको बदलने की कार्रवाई लगातार जारी है। इसके बाद भी ट्रिपिंग की समस्या लगातार बनी हुई है। रविवार की रात कंदवा में पूरी रात बिजली की आवाजाही लगी रही। हालांकि दो बार बिजली आई, लेकिन ज्यादा देर तक टिक नहीं सकी। वहीं सोमवार को भी ट्रिपिंग ने शहरवासियों को परेशान कर दिया।



सोमवार को कंदवा, पांडेयपुर, चांदपुर, नरिया, लहरतारा, मंडुवाडीह आदि इलाकों में बिजली की आवाजाही जारी रही। यह स्थिति तब रही जब पूरे शहर में न तो कोई ट्रांसफॉर्मर ही जला, नहीं विभाग के अनुसार कोई विशेष फॉल्ट रहा। विभाग को पूरे शहर में तार टूटने की भी शिकायत भी नहीं मिली। अधीक्षण अभियंता प्रमोद गोगानिया का कहना है कि जिस भी उपकेंद्र पर बिजली कटौती की समस्या आती है, उसे दूर करने का निर्देश दिया गया है।

# जालसाजी में पूर्व ब्लॉक प्रमुख रमेश सिंह काका सहित दो दोषी, दर्ज हैं 67 मुकदमे

**मऊ , एजेंसी।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट डॉ. कृष्ण प्रताप सिंह ने जालसाजी कर दूसरे की आईडी पर फर्जी फोटो लगाकर सिम लेने के मामले में परदहां ब्लॉक के पूर्व प्रमुख रमेश सिंह काका और जावेद आजमी को सुनवाई के बाद दोषी पाया। इस दौरान जावेद आजमी को न्यायिक अभिरक्षा में लेते हुए जेल भेज दिया और सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 3 जून की तिथि नियत की। वहीं फैसला सुनाने के समय रमेश सिंह कोर्ट मे उपस्थित नहीं था, इसलिए उसके विरुद्ध गैरजमानती वारंट जारी कर दिया। मामला शहर कोतवाली क्षेत्र का है।



#### ये है पूरा मामला

अभियोजन के अनुसार सहादतपुर निवासी सूर्यनाथ यादव की तहरीर पर एफआईआर दर्ज हुई। पीड़ित का कथन था कि उसके रिश्तेदार भानु प्रताप निवासी कोटिया, मढिया थाना मुहम्मदाबाद गोहना जो कोई वर्षों से मुंबई में रहकर नौकरी करते हैं। 9 जून 2010 को उसे पता चला है कि उसके रिश्तेदार भानु प्रताप के रिवाल्वर लाइसेंस की आईडी लगाकर प्रार्थना पत्र पर फर्जी फोटो लगाकर बदमाशों द्वारा सिम प्राप्त कर दुरुपयोग किया जा रहा है। इस दौरान उसे पता चला कि पीसीओ संचालक द्वारा सिम कार्ड एक अजनबी व्यक्ति को प्रार्थी के रिश्तेदार भानु प्रताप के नाम से बेचा है जिस पर रिवाल्वर लाइसेंस के फोटो में काफी भिन्नता है। वादी की तहरीर के आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्जकर बाद विवेचना सरायलखंसी थाना क्षेत्र के कैथवली गांव निवासी परदहां ब्लॉक के पूर्व ब्लाक प्रमुख रमेश सिंह काका और जावेद आजमी के विरुद्ध आरोप पत्र सीजेएम न्यायालय में प्रेषित किया। न्यायालय में अभियोजन की ओर से पैरवी करते हुए अभियोजन अधिकारी हरेंद्र सिंह ने कुल 7 गवाहों को पेशकर अभियोजन का पक्ष रखा। सीजेएम ने दोनों पक्षों के तर्कों को सुनने तथा पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद रमेश सिंह काका और जावेद आजमी को दोषी पाया। दोषी पाए जाने के बाद जावेद आजमी को न्यायिक अभिरक्षा में लेते हुए जेल भेज दिया।

**जिले में सबसे ज्यादा दर्ज हैं रमेश सिंह पर मामले-** एसपी इलामारन जी ने बताया कि शासन स्तर पर चिह्नित माफिया और विभिन्न जनपदों में 67 मुकदमे पंजीकृत है। आईआर-212 गैंग के सरगना रमेश सिंह उर्फ काका के विरुद्ध प्रशासन ने जब्तीकरण की बड़ी कार्रवाई भी प्रशासन कर चुका है। तत्कालीन जिलाधिकारी अरुण कुमार डरा ने 1.24 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क किया था। दिसम्बर 2020 में मऊ पुलिस ने पूर्व ब्लॉक प्रमुख काका की ओर से साले लल्लन सिंह के नाम पर खरीदी गई संपत्ति कुर्क की थी। इसकी कीमत एक करोड़ 12 लाख 63 हजार 976 रुपये है। यह कार्रवाई गैंगस्टर एक्ट के तहत की गई थी। आरोप है कि रमेश ने अपराध के जरिये अर्जित धन से यह संपत्ति बनाई थी।

**ब्लॉक प्रमुख भी रह चुका है काका-** रमेश सिंह काका जिले के परदहा ब्लॉक का 2005 से 2010 तक निर्दल ब्लॉक प्रमुख भी रह चुका है।इसके बाद उसके द्वारा अपनी पत्नी मीना सिंह 2010 से 2015 तक इसी ब्लॉक से दूसरे बार ब्लॉक प्रमुख बनाया था।

### चढ़ावे में हल्के जेवर देख घराती और बराती भिड़े

उन्नाव , एजेंसी। मगरवारा में रविवार रात आई बरात में जयमाल से पहले तिलक की रस्म के दौरान चढ़ावे के जेवर हल्के देख घराती और बराती पक्ष भिड़ गए। आरोप-प्रत्यारोप के बीच लड़के ने होने वाले साले से मारपीट कर दी तो विवाद बढ़ गया। दोनों पक्षों ने शादी से इन्कार कर दिया। पुलिस चौकी लाई जहां किसी ने तहरीर नहीं दी और सुलह होने की बात कही। माखी थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी युवक की बरात रविवार रात सदर कोतवाली के मगरवारा स्थित गेस्ट हाउस आई थी। बरात के साथ ही तिलक होने से वर पक्ष को 1.50 लाख रुपये भी देने थे।

रुपये कम होने पर दोनों पक्षों में विवाद हुआ। बाद में वर पक्ष की ओर से चढ़ावे में लाए गए जेवर भी हल्के होने का आरोप लगा तो मामला और बढ़ गया। चर्चा है कि बरात में वह सराफ भी था, जिसे जेवर के रुपये लेने थे, लेकिन जेवर हल्के होने के आरोप से बात बिगड़ गई। विवाद इतना बढ़ा कि मारपीट हो गई। सूचना पर पुलिस पहुंची तो दोनों पक्षों ने शादी से मना कर दिया। चर्चा है कि दोनों प्रेम विवाह कर रहे थे। लड़के का लड़की के घर पहले से आना-जाना भी था। उपनिरीक्षक रवि मिश्र ने बताया कि विवाद होने पर दोनों पक्ष चौकी आए थे, लेकिन कोई तहरीर नहीं दी। वह आपस में सुलह-समझौता का प्रयास कर रहे हैं।

# दो निजी अस्पताल के चार डॉक्टरों समेत छह पर केस

**कुशीनगर , एजेंसी।** मेडिकल कॉलेज से गोरखपुर बीआरडी मेडिकल कॉलेज रेफर हुई गर्भवती महिला को एक दलाल बेहतर इलाज का झांसा देकर शहर के एक निजी अस्पताल में पहुंचाया दिया। यहां पर महिला को खून की कमी बताकर प्लेटलेट्स चढ़ाया गया, हालत बिगड़ने पर कसया के एक निजी अस्पताल में भेजा गया, जहां डॉक्टर ने महिला का ऑपरेशन किया और बच्चा पैदा हुआ। इसके बाद महिला की हालत बिगड़ने लगी तो आनन-फानन में गोरखपुर के सावित्री नर्सिंग होम में लेकर जाने को कहा। वहां जाने पर इलाज के बाद डॉक्टरों ने संक्रमित खून चढ़ाने से शरीर के कई पार्ट में इंफेक्शन होने की बात कही और लखनऊ सहारा अस्पताल में रेफर कर दिया, नौ दिन तक इलाज के बाद महिला की मौत हो गई। इसके इलाज में कसया और पडरौना के निजी अस्पताल संचालकों ने पांच लाख से अधिक रुपये ले लिया है।

नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के पिपरा वर सिवान निवासी महबूब आलम की पत्नी हीना खातून गर्भवती थी। प्रसव पीड़ा होने पर उसको परिजन 4 सितंबर 2024 को मेडिकल कॉलेज लेकर आए। जांच के बाद हालत गंभीर बताकर डॉक्टर ने गोरखपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। आरोप है कि अस्पताल से बाहर निकल कर एंबुलेंस की तलाश कर रहे थे कि एक व्यक्ति पहुंचा और बताया कि मुझे किशन कुशवाहा ने भेजा है मैं एमएस अस्पताल सोहरौना से आया हूं। वह अपने एंबुलेंस से हीना को लेकर एमएस अस्पताल पर चला गया। यहां आने के बाद डॉ. राजन सिंह ने बताया कि प्लेटलेट्स चढ़ाना पड़ेगा। इसके बाद कसया के बुद्धा चैरिटेबल ब्लड बैंक कसया पर एक पर्ची देकर डॉक्टर ने भेजा। वहां से प्लेटलेट्स लाने के बाद हीना को चढ़ाया गया, तबीयत में सुधार नहीं होने पर डॉक्टर ने अपने एंबुलेंस से कसया के एमएसपी मेमोरियल हॉस्पिटल पर भेज दिए। वहां जाने के बाद डॉ. गिरीश सिंह बघेल आए और जच्चा-बच्चा की हालत नाजुक बताते हुए ऑपरेशन करने की बात कही। ऑपरेशन करने के बाद महिला ने बच्चे को जन्म दिया। कुछ देर बाद तबीयत बिगड़ने पर यहां पर भी खून चढ़ाया गया। बाद में डॉक्टर गोरखपुर सावित्री नर्सिंग होम रेफर कर दिया। वहां लेकर मरीज को गए, जहां इलाज के बाद भी आराम नहीं मिला। वहां से लखनऊ के सहारा अस्पताल में डॉक्टर ने ले जाने का सुझाव दिया, जहां डॉक्टरों ने बताया कि संक्रमित प्लेटलेट्स चढ़ाने से महिला की तबीयत गंभीर हो गई। नौ दिन इलाज के बाद उसकी लखनऊ के सहारा अस्पताल में मौत हो गई। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रविंद्रनगर धूस पुलिस ने किशन कुशवाहा, डॉ. राजन सिंह, डॉ. राजकुमार कुशवाहा, डॉ. गिरीश सिंह बघेल,नर्स व एक डॉक्टर का नाम पता अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। रविंद्र नगर थानाध्यक्ष शरद भारती ने बताया कि कोर्ट के आदेश के पर केस दर्ज कर विवेचना की जा रही है। इसमें डॉ. गिरीश सिंह की मौत हो चुकी है, इनका अस्पताल भी बंद है।

# सीएचसी अधीक्षक और महिला डॉक्टर का तबादला

**पडरौना , एजेंसी।** तमकुहीराज सीएचसी पर दस दिन पूर्व प्रसव के बाद सुप्रिया की हुई मौत के मामले में कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों ने किया है। ऐसा पीड़ित परिवार का आरोप है। जांच रिपोर्ट आने के बाद तीन दिनों के माथा पच्ची के बाद यह आदेश जारी किया गया। सीएचसी अधीक्षक अमित राय को पद से हटाकर फाजिलनगर के सीएचसी के अंतर्गत आने वाले फरेंदहा न्यू पीएचसी पर सामान्य डॉक्टर के पद पर तैनाती की गई है। वहीं डॉ. सलोनी को सेवरही सीएचसी पर भेजा गया है, जो अपने घर के पास पहुंच गई है। जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट में जिक्र किया है कि तमकुहीराज सीएचसी अधीक्षक अमित राय के पास प्रशासनिक क्षमता में कमी है, इसके चलते इतनी बात बढ़ी है। तमकुहीराज के सीएचसी अधीक्षक यहां पर तैनात डॉ. हिमांशु मिश्रा को बनाया गया है। दूसरी ओर स्टाफ नर्स ममता चौहान को विशुनपुरा सीएचसी पर भेजा गया है। तमकुहीराज नगर के वार्ड नंबर सात निवासी सुप्रिया बिहार में शिक्षक थी। 11 दिन पूर्व प्रसव पीड़ा होने पर परिजन सीएचसी पर लेकर पहुंचे। नार्मल प्रसव से बेटा पैदा हुआ। इसके बाद सुप्रिया की तबीयत बिगड़ने लगी। आनन-फानन में डॉ.सलोनी जायसवाल ने मेडिकल कॉलेज कुशीनगर रेफर कर दिया। वहां लेकर परिजन पहुंचे तो डॉक्टर ने बताया कि डेढ़ घंटे पहले ही इसकी मौत हो गई है। इसके बाद घर वाले शव को लेकर सीएचसी पर आए और हंगामा करने लगे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की पुष्टि नहीं हो सकी। इसके बाद परिजन सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमित कुमार राय और डॉ. सलोनी जायसवाल पर कार्रवाई को लेकर न्याय यात्रा नगर में निकाला और डीएम से मिलकर शिकायत भी किया। सीएमओ की ओर से डिप्टी सीएमओ डॉ. आरडी कुशवाहा के नेतृत्व में गठित हुई जांच कमेटी पर भी परिजन सवाल खड़ा किए हैं। इस मामले में कमेटी ने अपनी जांच रिपोर्ट सीएमओ को सौंप दिया। इसके आधार पर तमकुहीराज के सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमित राय को अधीक्षक पद से हटाकर फाजिलनगर सीएचसी के अंतर्गत आने वाले पीएचसी पर तैनात कर दिया गया है।

# अब तक काशी में 37 अन्नपूर्णा भवनों का हुआ निर्माण

#### जानें- सरकार की खास योजना का लाभ

**वाराणसी, एजेंसी।** सरकार उचित दरों की दुकानों को अब अपना छत दे रही है। सरकार उचित दरों की दुकानों के लिए मल्टीपर्पज अन्नपूर्णा भवन बनवा रही है। अमृत महोत्सव के तहत काशी में हर वर्ष 75 अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण होना है। पिछले साल हुई योजना की शुरुआत से अभी तक 37 अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण पूरा हो चुका है। उचित दर की राशन की दुकान चलाने वाले कोटेदारों को निशुल्क अन्नपूर्णा भवन सरकार दे रही है, जिससे उनकी आय बढ़ सके और सुविधा मिल सके। मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने बताया कि अन्नपूर्णा भवन ऐसा बहुउद्देशीय भवन है।




जहां से कोटेदार उचित मूल्य के राशन के साथ जन सुविधा केंद्र का भी संचालन कर सकेंगे। इसके अलावा संचालक यहां जनरल स्टोर भी खोल सकते हैं, इसकी बिक्री बाजार दर पर होगी। सभी अन्नपूर्णा भवन में ई-वेइंग स्केल युक्त ई-पॉस मशीन होगी। इससे राशन की घटतौली को रोका जा सकेगा और कार्डधारकों को पूरा राशन मिलेगा। जिलापूर्ति अधिकारी केबी सिंह ने बताया कि उचित मूल्य की राशन की दुकानों के लिए खास स्थानों पर अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कराकर कोटेदारों को दिया जा रहा है, जिससे खाद्यान्न रखने के लिए समुचित स्थान हो। अन्नपूर्णा भवन के निर्माण से कोटेदारों का पैसा बचने के साथ सुविधा भी मिल रही है। वाराणसी में उचित दर की 1315 दुकान है। इस वर्ष 37 अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण का लक्ष्य था, जिसमे 21 पूर्ण हो चुकी है, वहीं पिछले वर्ष बने 16 अन्नपूर्णा भवन संचालित हो रहे है।

### समर्थ पोर्टल पर दिया डाटा प्राचार्य ने किया अस्वीकार, शिक्षकों ने घेरा

**उन्नाव , एजेंसी।** डीएसएन डिग्री कॉलेज के शिक्षकों द्वारा समर्थ एप पर भरे गए डाटा को कार्यवाहक प्राचार्य ने बिना कारण बताए अस्वीकार कर दिया। इसका सोमवार सुबह 11 बजे शिक्षकों ने विरोध किया। घेराव करते हुए कार्यवाहक प्राचार्य पर नियम विरुद्ध काम करने का आरोप लगाया। शिक्षकों के अनुसार, डाटा अपलोड करने की अंतिम तिथी 31 मई थी, बदले की भावना से 30 शिक्षकों के डेटा को अस्वीकार कर दिया गया। यह शिक्षकों के भविष्य से खिलवाड़ है। क्षेत्रीय शिक्षक संघ के पदाधिकारियों में प्रो. विनय यादव और डॉ. विपिन सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों ने डीएसएन कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. प्रदीप गुप्ता से मुलाकात की। उन्होंने 30 शिक्षकों का समर्थ एप पर भरा गया डाटा बिना कारण बताए अस्वीकार करने पर जवाब मांगा। प्राचार्य स्पष्ट नहीं कर पाए तो शिक्षकों ने इसे शिक्षक विरोधी बताते हुए नाराजगी जताई। शिक्षक साथियों से अपील की है कि तीन जून को समर्थ पोर्टल से डाटा अस्वीकार के पेज का स्क्रीन शॉट लें, जिसमें उनका नाम स्पष्ट दिखाई दे। साथ ही सभी शिक्षकों से इस पत्र पर हस्ताक्षर करने का भी अनुरोध किया गया ताकि इस मामले को मजबूती से उठाया जा सके। शिक्षकों ने नारेबाजी की और कहा कि कार्यवाहक प्राचार्य की ओर से शिक्षकों का डाटा अस्वीकार करने का मतलब है कि कोई शिक्षक काम नहीं कर रहा है। अपने हक के लिए लड़ेंगे और इस अन्याय के खिलाफ चुप नहीं रहेंगे। वहीं कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. प्रदीप गुप्ता ने बताया कि जिन 21 शिक्षकों ने समर्थ एप पर भरा गया डाटा सही होने का शपथ पत्र दे दिया है उनका सत्यापन कर दिया गया था। जिन शिक्षकों ने नहीं दिया उनका नहीं किया गया है। यह शासन से लिखवाकर दे दें कि शपथ पत्र नहीं लिया जाएगा, अभी 15 जून तक का समय है।

# पन्नालाल के बेटे ने कबूली ये बात, अमन के बयान से उलझे सवाल

**गोरखपुर, एजेंसी।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम ने पाकिस्तान को गोपनीय सूचनाएं देने की आरोपी महिला के खाते में रुपये भेजे जाने के मामले में शनिवार को खजनी और शहर के तारामंडल इलाके में छापा मारा। जांच के दौरान पता चला कि महिला अनीता सिंह के खाते में तारामंडल निवासी और बैंकॉक में कारोबारी पन्ना यादव के बेटे अमन यादव और बेटी ने रुपये भेजे थे।

एनआईए की जांच के बीच बैंकॉक के पन्नेलाल यादव की बेटियों ने ये माना है कि पापा के कहने पर अनीता दीदी के खाते में रुपये भेजे थे। एनआईए के पास भी पूरी पुख्ता जानकारी है कि अनीता और बैंकॉक में रहने वाले पन्नेलाल यादव एक दूसरे को अच्छे से जानते हैं। इसी वजह से जांच के बात बातचीत में पन्ने की बेटी ने अनीता को दीदा बोलते हुए अपनी बात कही। एनआईए सूत्रों की मानें को मामले में अनीता ही संदिग्ध है। पाकिस्तान को सूचनाएं देने के बदले अनीता के खाते में पाक से भी रुपये भेजे गए थे। इसी खाते में गोरखपुर से 15 हजार रुपये भेजे जाना पर एनआईए की टीम 12/2025 एनआईए एक्ट में दर्ज केस की जांच करने गोरखपुर पहुंची थी।

पाकिस्तान को सूचनाएं उपलब्ध कराने के बदले लेनदेन के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम की पूछताछ में अमन के बयान से सवाल उलझ गए हैं। बैंकॉक निवासी पन्नेलाल यादव के बेटे अमन ने एजेंसी को बताया कि घर के बगल में जीडीए कॉम्प्लेक्स में चाय की एक दुकान पर उसने और बहन ने किसी के कहने पर अनीता सिंह के खाते में 15 हजार रुपये भेजे थे। हालांकि, उन्होंने चाय की दुकान के मालिक के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। बीते दिनों पाकिस्तान को सूचनाएं देने के बदले गुजरात के किसी अनीता सिंह के खाते में




लेनदेन के मामले में एनआईए की टीम ने बैंकॉक निवासी पन्नेलाल यादव के खजनी और शहर स्थित मकान पर पहुंचकर जानकारी जुटाई थी। उधर, परिवार के सदस्यों का दावा है कि जब उन्होंने कोई गलती नहीं की है तो कोई भी जांच हो, वे सहयोग को तैयार हैं। परिजनों ने बताया कि चाय की दुकान विकास नाम के युवक की थी, लेकिन अब दुकान बेचकर वह कहीं और चला गया है। हालांकि विकास या उसके घर परिवार के संबंध की जानकारी भी परिवार के किसी सदस्य को नहीं है। परिजनों के मुताबिक, चार जनवरी की दोपहर में विकास नाम के युवक की दुकान पर पन्नेलाल का बेटा अमन यादव गया था। वहां कोई उससे मिला और कहा कि उससे नकद लेकर 15 हजार रुपये एक नंबर पर गूगल पेमेंट कर दे। परिजनों ने बताया कि अमन ने नंबर लिया और 10 हजार रुपये अपने बैंक खाते और पांच हजार अपनी बहन के खाते से भेजे थे। एनआईए सूत्रों ने बताया कि टीम इस जवाब से असंतुष्ट है। टीम इसे संयोग नहीं मान रही है। टीम का तर्क है कि किसी अंजान खाते में सहयोग के तौर पर 10 हजार रुपये अमन ने भेजा तो बहन के मोबाइल नंबर से लिंक बैंक का खाता और गूगल पेमेंट उसी वक्त अमन के पास आ गया, क्या यह भी एक संयोग था।

एजेंसी के सूत्रों की मानें तो जांच टीम ने मौके पर अमन से पूछा तो वह चाय की दुकान और अन्य बातें बोलकर बचने की कोशिश कर रहा था। सख्ती से पूछताछ और अनीता के नंबर पर अमन के मोबाइल नंबर से भेजी गई रकम दिखाई गई तो अमन फिर थोड़ा सहम गया। इसी के बाद उसने मोबाइल से संचालित अपने गूगल पेमेंट एप की हिस्ट्री में जाकर देखा तो चार जनवरी को अनीता के नाम पर एक नंबर से रुपये भेजे गए मिले।

परिजन और बेटों का कहना है कि उन्हें न अनीता के बारे में जानकारी है और न ही जिसने उनसे रुपये भेजने के लिए कहा था, उसकी जानकारी है। एजेंसी का मानना है कि आखिर ऐसा क्या संयोग बना होगा कि पिता बैंकॉक से हुंडी का काम करते हैं और बेटों के नंबर से पाकिस्तान को सूचनाएं देने वाले के पास 15 हजार रुपये भेज दिए गए। जांच एजेंसी के सूत्रों ने बताया कि दिल्ली से हुई गिरफ्तारी के बाद अनीता का नाम सामने आना और गोरखपुर से जुड़ाव ये महज एक संयोग नहीं हो सकता।

